CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

मुरादाबाद, रविवार 12 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 58 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे: योगी पेज 2



भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा, वेस्टइंडीज से 378 रन आगे खेल टाइम्स



ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पेज 11



दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी ने पूर्व IPS पूरन कुमार की पत्नी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित करने वाली घटना है। उनका कहना था कि श्री पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। श्रीमती गांधी ने श्रीमती अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की दुखद दुर्घटना में मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन समय में मेरी और कांग्रेस संसदीय दल की ओर से आपको और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदना।

### शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार के प्रयास का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** भारत ने प्रतिष्ठित क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बैज हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना की पहली फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की बैज हासिल करने के समय की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार करने की पाकिस्तान की कोशिशों का शनिवार को पर्दाफाश कर दिया। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के इस दावे की भी पोल खोल दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने इस महिला फाइटर पायलट के विमान को गिराकर उन्हें पकड़ लिया था। दरअसल वायुसेना ने तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल में छह महीने का गहन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59 अन्य अधिकारियों के साथ यह प्रतिष्ठित बैज हासिल करने के समय की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी।

### रिलायंस पावर के सीएफओ अशोक कुमार पाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी का यह मामला 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग से जुड़ा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) को धोखा देने से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने शुक्रवार रात दिल्ली में कई घंटे की पूछताछ के बाद अशोक कुमार पाल को हिरासत में लिया। एजेंसी ने उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। शनिवार को उन्हें विशेष न्यायालय में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी उनकी रिमांड की मांग कर सकती है।

# बागपत: मस्जिद में मौलाना की पत्नी व दो बेटियों की हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

## ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

■ पीट-पीटकर वारदात को दिया गया अंजाम, लोगों में भारी आक्रोश

**बड़ौत।** गांगनौली गांव में शनिवार को दिल दहलाने वाली घटना हो गई। गांव की बड़ी मस्जिद के इमाम की पत्नी व उनके दो बच्चों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इन तीन हत्याओं का पता उस समय लगा, जब मस्जिद में प्रतिदिन पढ़ने आने वाले बच्चे वहां पहुंचे। यहां उन्हें जब कोई नहीं मिला, तो मस्जिद के ऊपर बने कमरे में पहुंचे।

वहां तीनों के शव खून से लथपथ बैड व फर्श पर पड़े देखकर बच्चे किलकारी मारते हुए बाहर भागे। पड़ोसियों ने उनसे पूछताछ की, तो तब घटना का पता लगा। सूचना पाकर एसपी, एएसपी, सीओ व आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया गया कि मौलाना इब्राहिम देवबन्द गए थे। उन्हें घटना की सूचना दी गई। पुलिस शवों को कब्जे में करने लगी तो लोगों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस से लोगों की जमकर नोक-झोंक हुई। लोगों ने एसपी के तीन दिन में हत्यारे का पता लगाकर जेल भेजने के आश्वासन पर शव उठने दिए। गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद में शामली जिले के सुन्ना गांव निवासी -शेष पृष्ठ दो पर



### सिर पर भारी हथियार से किया गया वार

तीनों के सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरे से ब्लड निकल रहा था। पूरे कमरे में खून ही खून फैला पड़ा था। तीनों शवों को देखने से साफ लग रहा है कि हत्या बेरहमी से पीट-पीटकर की गई है। वारदात के वक्त मौलाना इब्राहिम घर पर मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने डिजिटल युग में लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर हमलों, डिजिटल माध्यम से पीछा करने, व्यक्तिगत डाटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरों जैसी समस्याओं के कारण लड़कियां गंभीर रूप से असुरक्षित हैं। उन्होंने कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियों और नीति निर्धारकों के लिए विशेष कानून और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

भारत में उसके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में यूनिसेफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि संविधान और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश की कई बालिकाओं को अब भी दुर्भाग्य से उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवित रहने के लिए जरूरी बुनियादी जरूरतों से वंचित रखा जाता है।

# मेरी भारत यात्रा से पाक में बेचैनी: अमीर मुत्ताकी

## अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने देवबन्द में कहा: भारत से रिश्ते होंगे मजबूत

■ भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं: मुत्ताकी
■ बोले- भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली

**देवबन्द।** देवबन्दी विचारधारा मानने वाले अफगानिस्तान के युवा विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी भारत यात्रा से पाकिस्तान हुक्मरान में जबरदस्त बेचैनी है।

देवबन्दी विचारधारा के शिक्षण केंद्र दारुल उलूम के अतिथि गृह में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं। उन्हें भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली है। उन्हें भरोसा है कि भारत से उनके मुल्क के रिश्तों में मजबूती और गर्माहट आएगी। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता संभालने के बाद वहां के किसी भी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वह नौ अक्टूबर को भारत आए थे और 16 अक्टूबर को उनकी वतन वापसी है। शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई बातचीत को उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ कारोबार बढ़ेगा। उन्हें यह भी विश्वास है कि भारत देर-सवेर उनकी सरकार को मान्यता दे देगा। श्री मुत्ताकी का दारुल उलूम में जोश-खरोश से स्वागत किया गया। संस्था के प्रमुख मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने संस्था का इतिहास और उसकी स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और यहां की शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। मोहतमिम नोमानी ने कहा कि यदि अफगानी छात्रों को दोनों सरकारें दारुल उलूम में शिक्षा देने के दरवाजे खोलती है, तो वह उसका स्वागत करेंगे। जमीयत उलमाए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दारुल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने उन्हें इस संस्था से पुराने रिश्तों -शेष पृष्ठ दो पर



### दारुल उलूम देवबन्द, जहां से उठती है इल्म और इंकलाब की रोशनी

अथर उस्मानी

■ दुनिया में बहुत से मदरसे हैं, लेकिन कुछ जगह वक्त से आगे निकलकर तारीख़ का हिस्सा बन जाती हैं, ऐसी ही एक जगह है दारुल उलूम

**देवबन्द।** वो इल्मी और रूहानी मरकज़ जहां से न सिर्फ़ आलिम और मुफ़स्सिर निकले, बल्कि मुल्क की आज़ादी और उम्मत की रहनुमाई का अलम भी बुलंद हुआ।

दारुल उलूम देवबन्द की अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अफ़ग़ानिस्तान के वज़ीर-ए-ख़ारिजा अमीर ख़ान मुत्ताक़ी खुद देवबन्द पहुंचे ताकि आख़िरी सबक (दौर-ए-हदीस) पढ़ सकें, यानी वो मुक़ाम जहां से किसी आलिम की तकमील-ए- इल्म होती है। ये कोई मामूली वाक़या नहीं है। जिस शख़्स के ज़िम्मे एक मुल्क की बाहरी सियासत है, वो अब दारुल उलूम, देवबन्द के उस्तादों से इल्म की रोशनी लेने आया है, यानी इल्म की ताक़त को सियासत पर हावी मानना, यही असल देवबन्दी फ़िक्र है। 1857 की जंग-ए-आज़ादी के बाद जब अंग्रेज़ों ने दिल्ली की रूह को कुचल दिया, तो देवबन्द की इस ज़मीन पर कुछ सादगी पसंद उलेमा ने मशाल-ए-इल्म जलाई।

### पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है।

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए: मोदी

## पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ा, पीएम ने 35 हजार करोड़ की कृषि परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का किया उद्घाटन**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20 फीसदी बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17 फीसदी बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15 फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।



### ओडिशा में 160 करोड़ की दो मत्स्य परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा को एक बड़ी सौगात दी है। इसके तहत पीएम मोदी ने ओडिशा में करीब 160 करोड़ रुपये की दो बड़ी मछली पालन (मत्स्य) परियोजनाओं की वर्चुअली आधारशिला रखी। ये आयोजन दिल्ली से हुआ, जहां उन्होंने 24,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) और 11,440 करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर दाल मिशन की भी शुरुआत की। ओडिशा की दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्यपाल सिन्हा ने दो शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सेना के दो शहीद पैराट्रूपर्स लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष को पुष्पांजलि अर्पित की, जो एक आतंकवादी अभियान के दौरान खराब मौसम से जूझते हुए शहीद हो गए थे। लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष ने कोकरनाग के किश्तवाड़ रेंज में खराब मौसम की स्थिति से जूझते हुए आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराज्यपाल ने कहा, ष्मैं सेना के बहादुर जवानों लांस हवलदार पलाश घोष और लांस नायक सुजय घोष के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों की अनुकरणीय वीरता एवं निस्वार्थ सेवा के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। हम दुख की इस घड़ी में अपने शहीदों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अर्धरात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से बनवासी बस्ती जलकर खाक हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना क्षेत्र के चकभूईधर गांव में शुक्रवार की रात आठ बनवासी लोगों का रिहायशी बस्ती जलकर राख हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि रंजिश की वजह से बस्ती जलाया गया है। बताया जाता है कि गांव में पुलिस चौकी के पीछे तालाब की जमीन पर बनवासी बस्ती है। पीड़ितों के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे मड़हों में आग लग गई है। किसी तरह बस्ती के लोगों ने बाहर निकल कर जान बचाई। अग्नि की लपटें इतनी तेज थी कि सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका।

### एक देश टैरिफ लगाएगा, तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे : योगी

# कालीन उद्यमी अमेरिकी टैरिफ से न घबराएं

**भदोही, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही के कालीन उत्पादकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है।

योगी ने यहां 49वें अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा ष्जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में

**■ सीएम ने भदोही में अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ किया**

तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है, जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से तीन से चार सौ फॉरेन बायर्स यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि ग्लोबल मार्केट में आपके कालीनों की मांग कितनी बढ़ी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी सरकार ने कार्पेट सेक्टर सहित एमएसएमई और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) योजना के तहत प्रत्येक जिले में विशिष्ट उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल, फिरोजाबाद के ग्लास और वाराणसी के सिल्क को नई पहचान मिली है। 2017 में जब हमने ओडीओपी योजना शुरू की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यूपी दो लाख करोड़ से अधिक का निर्यात करेगा, यह अब वास्तविकता बन चुकी है।

### पराली को लेकर योगी सख्त, शून्य घटनाओं का लक्ष्य तय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पराली जलाने की घटनाओं को 'शून्य' किया जाए। इस संबंध में शासनादेश के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है, वो सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार निगरानी करें और संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जारी निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक 5,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## वाई पूरन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। खासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा कि यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना ख+ाासकर एक सभ्य सरकार के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश कितना अधिक खासकर शासन-प्रशासन में हावी है और सरकारें इसको रोक पाने में विफल साबित हो रही हैं। वैसे यह सब सरकार की नीयत व नीति की बात ज्यादा है। बसपा की मुखिया ने कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की समयबध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच होना चाहिए और इसके लिये दोषियों को सख्त सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि सभ्य समाज को शर्मिन्दा करने वाली ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा कहीं ना होने पाएं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा सरकार इस घटना को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से ले तथा इसकी भी लीपापोती करने का प्रयास ना करे, तो यह उचित होगा।

## जेएंडके: 25 पुस्तकों पर रोक के खिलाफ सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ का गठन

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर 'झूठे आख्यान और अलगाव वाद' का प्रचार करने वाली 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने के सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ का गठन किया है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति राजेश ओसवाल तथा न्यायमूर्ति शहज़ाद अज़ीम शामिल हैं। यह पीठ सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। पूर्ण पीठ का गठन न्यायालय की 30 सितम्बर की पूर्व टिप्पणी के

**■ मामले पर पीठ सोमवार को सुनवाई करेगी**

बाद हुआ है, जिसमें उसने याचिकाकर्ताओं द्वारा पुस्तकों की 'भ्रमाक और अतार्किक' कहे जाने की वैधता की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की थी।

पत्रकार डेविड देवदास, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, सेवानिवृत्त एयर वाइस मार्शल कपिल काक तथा अन्य की ओर से अधिवक्ता शाकिर शब्बीर और स्वास्तिक सिंह द्वारा अलग-अलग दायर याचिकाओं में गृह विभाग द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 95 के तहत इन पुस्तकों के प्रकाशन पर रोक लगाने का आदेश देने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि सरकार की कार्रवाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करती है और इसका कोई तर्कसंगत औचित्य नहीं है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग ने कश्मीर पर 25 पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिनमें अरुंधति रॉय और एजी नूरानी जैसी लेखिकाओं की पुस्तकें भी शामिल हैं। सरकार ने कहा कि ये पुस्तकें अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

### बीएचयू में छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शुक्रवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया। चीफ प्रॉक्टर ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कई थानों की पुलिस और एसीपी भेलूपुर मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे चीफ प्रॉक्टर ने सूचना दी कि बिरला छात्रावास के छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच विवाद हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रों से बातचीत कर मामले को शांत किया। कुछ छात्र छात्रावास के बाहर खड़े थे। तभी वहां से गुजर रहे सुरक्षाकर्मियों ने तीखे शब्दों में उन्हें अंदर जाने को कहा।

## अखिलेश का फेसबुक अकाउंट बहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट निलंबित होने के बाद बहाल कर दिया गया है।

पार्टी नेताओं की तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया के बाद उनका सोशल मीडिया अकाउंट फिर बहाल कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने पहले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर इस कदम के पीछे होने का आरोप लगाया था। हालांकि सरकार ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने यह कार्रवाई की है और इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं है। दरअसल सूत्रों ने बताया कि उनके पेज को कथित तौर पर 'हिंसक यौन पोस्ट' पोस्ट करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। हालांकि शनिवार को मेटा के एक अधिकारी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आने के बाद हमने पेज को बहाल कर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री का फेसबुक अकाउंट, जिसे 80 लाख से ज्यादा लोग फ़ॉलो करते हैं, शुक्रवार शाम 6 बजे के आसपास निलंबित कर दिया गया। अखिलेश यादव के पेज का इस्तेमाल अक्सर अपनी राय साझा करने, सरकार की कमियों को उजागर करने और राज्य भर के समर्थकों से जुड़ने के लिए किया जाता था। अकाउंट निलंबित होने के बाद सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर लिखा था, देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट सस्पेंड करना लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा सरकार ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है, जहां हर विरोधी आवाज़ को दबाया जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताया था।



**सेंसेक्स** 82072.93
**निफ्टी** 2516.85



**सोना रु.** 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 184100
प्रति किलो



## खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर: शिवराज

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है।

चौहान ने कहा कि गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की उपज में बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई है। वह यहां शनिवार को पूसा परिसर में आयोजित एक समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के शुभारंभ और 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि और संबध क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के भी प्रारंभ होने पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है, गेहूं और चावल के भंडार 40 प्रतिशत से अधिक क्षमता तक भरे हुए हैं। सिंह ने कहा कि खाद्यान्न

**■ 40 प्रतिशत से अधिक भरे हैं अन्न भंडार: कृषि मंत्री**

आत्मनिर्भरता के लिए दालों की पैदावार बढ़ानी होगी। इस मकसद को ध्यान में रखकर मोदी के कर कमलों से दलहन मिशन लांच किया जा रहा है। इसके साथ ही ये देखा गया है कि कई जिले में पैदावार बहुत अच्छी है, लेकिन उसी राज्य के दूसरे जिलों में पैदावार कम है। ऐसे जिलों में पैदावार बढ़ाने के लिए एक दूसरी योजना पीएम धन-धान्य कृषि योजना भी शुरू की जा रही है। इसमें 11 विभागों की 36 योजनाओं का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का ही सोच है कि छोटे-छोटे किसान मिलकर प्रतिस्पर्धा का सामना करें। आज देश में एफपीओ के 52 लाख किसान शेयर होल्डर हैं। करीब 1100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं और उनका टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। चौहान ने हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में हुए



बदलाव के कारण सस्ती हुई खेती की मशीनों का श्रेय मोदी को देते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस कदम से छोटे ट्रैक्टर पर किसानों के 23,000 रुपये, 35 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65,000 रुपये तक बचेंगे। उन्होंने फसल वर्ष 2025-2026 की रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि किसानों की मदद के लिए यूरिया और डीएपी के दामों पर लगाम लगा कर रखा गया है। यूरिया और डीएपी के बढ़े हुए दामों का बोझ, सरकार किसानों पर नहीं आने देती और खुद ही बढ़ा हुआ व्यय वहन करती है।

### इस हफ्ते सोना और चांदी के भाव छू रहे आसमान

**नई दिल्ली।** सोने के दाम आए दिन आसमान छू रहे हैं, लेकिन इस रेस में चांदी आगे निकल गई है। देश के कई शहरों में चांदी की कीमत 1 लाख 80 हजार के पार जा चुकी है। शनिवार को चांदी की कीमत 6 हजार रुपये महंगा हुई है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में चांदी की कीमत 1,84,100 रुपये के पार जा चुकी हैं। भारत की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,74,100 रुपये प्रति किलो में बिक रही है। इस समय भारत के चेन्नई में चांदी का भाव सबसे महंगा है। यहां चांदी 1,84,100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। चांदी की कीमतें रोज नए-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में चांदी की डिमांड बढ़ गई है, जिसकी वजह से सिल्वर की शॉर्टेज भी देखी जा रही है। भारत के कई शहरों में चांदी की कमी होने की वजह से ज्वेलर ग्राहकों से ऑर्डर तक नहीं ले रहे हैं। त्योहारों से पहले सोने-चांदी के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिली है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक बीते एक हफ्ते में सोने के दामों में 2,276 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का उछाल आया। वहीं चांदी के भावों में 15,657 रुपये प्रति किलो की बड़ी छलांग देखी गई। हफ्ते के बीच 9 अक्टूबर को सोना 1,22,629 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया था, जो इस सप्ताह का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, चांदी ने इस हफ्ते जबरदस्त तेजी दिखाई।

### गेहूं-चावल के भाव टूटे, चीनी महंगी खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये। गेहूं में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में घटबढ़ रही, जबकि चीनी में तेजी का रुख देखा गया।



घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 83 रुपये घटकर 3,774.53 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं का भाव 10 रुपये फिसलकर 2,849.28 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ी और यह 3,314.32 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में सरसों तेल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 63 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 94 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 51 रुपये और वनस्पति के दाम 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये कम हुई। उड़द दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 37 रुपये और मसूर दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी का भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपये, मसूर काली 8144.80 रुपये, मूंग दाल 10108.98 रुपये, उड़द दाल 10453.79 रुपये, अरहर दाल 10525.29 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.28 रुपये और चावल 3774.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बागपत: ....** मौलाना इब्राहिम अपनी पत्नी इसराना, बेटी सोफिया 5 वर्षीय व सुमैया 2 वर्षीय के साथ रहते थे। ग्रामीणों ने बताया कि मौलाना इब्राहिम करीब दस साल से मस्जिद में इमाम हैं। करीब छह साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। वह तब से पत्नी व बच्चों के साथ यहीं मस्जिद के ऊपर बने कमरे में रहते थे। वह इमामत करते हैं। उनकी पत्नी दोपहर बाद मस्जिद में आने वाले बच्चों को पढ़ाती थी। यह हृदय विदारक घटना दोपहर से पहले होने की संभावना है। जब करीब दोपहर बाद ढाई बजे बच्चे मस्जिद में पढ़ने गए, तब उन्हें पता लगा। बच्चों को जब वहां कोई दिखाई नहीं दिया, तो इसराना के कमरे में खोजते हुए पहुंच गए। वहां का दृश्य देखा, तो वह किलकारी मारते हुए उल्टे पैर ही दौड़ गए। उनके शोर से पड़ोस के लोग आए। बच्चों से पूछने लगे तो उन्होंने घटनाक्रम बताया। मौलाना की पत्नी व बच्चों की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मेरठ रेंज डीआईजी कलानिधि, एसपी सूरज कुमार राय, एएसपी प्रवीण कुमार, सीओ विजय कुमार, एसएचओ सूर्यदीप के अलावा रमाला, बिनौली, छपरौली, दोघट थानों की पुलिस पहुंच गई। एसपी ने ग्रामीणों से पूछताछ की। शवों को कब्जे में करने के प्रयास किए। ग्रामीणों व मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए हत्यारों को पकड़ने की मांग की। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह तीन दिन में मामले का पर्दाफाश कर देंगे, तब जाकर लोगों ने शवों को उठाने दिए। मृतक महिला के पति इब्राहिम को सूचना दे दी गई थी। पुलिस पुरे मामले की जांच की जुट गई है।

**मेरी भारत...** की तफसील से जानकारी दी। अमीर खान मुत्ताकी ने मौलाना अरशद मदनी के प्रति बहुत सम्मान दिखाया। गौरतलब है कि मौलाना अरशद मदनी के मरहूम पिता मौलाना हुसैन अहमद मदनी के खास शिष्यों में रहे अफगानिस्तान के सम्मानित उलेमा मरहूम अब्दुल हक हक्कानी के वहां स्थापित किए गए मदरसे में ही अमीर खान मुत्ताकी ने तालीम हासिल की है। दारुल उलूम इलाके में जब अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे तो इस संस्था के सारे प्रबंध ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी ने व्यवस्था संभाली। सरकारी अमला बड़ी मुश्किल से विदेशी मेहमान और उनके साथियों को दारुल उलूम के मेहमान खाने में किसी तरह लेकर पहुंचे। यहां तलबाओं के मदरसे में सभी जगह बड़ी संख्या में जम-जाने के कारण विदेश मंत्री के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गए। अमीर खान के संस्था के उपकुलपति अब्दुल खालिक मद्रासी, दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी आदि ने उनसे मुलाकात कर दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जताई। मौलाना अरशद मदनी ने 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की विदाई और तालिबान के सत्तारूढ़ होने का गर्मजोशी के साथ आगे आकर समर्थन और स्वागत किया था। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में यह भी भरोसा जताया था कि तालिबान सरकार भारत के लिए अच्छी साबित होगी। यह बात सही साबित हुई है। आज भारत- अफगानिस्तान एक-दूसरे के हमदर्द हैं। भारतीय कूटनीति की यह बड़ी कामयाबी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अफगान नेता ने पहलगाम हिंसा की निंदा की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया।

## बीएचयू-आईआईटी ने 100 वर्ष पुराने पेड़ को किया पुनर्जीवित

**वाराणसी, वार्ता**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने अपने इंस्टिट्यूट वर्क्स डिपार्टमेंट (आईडब्ल्यूडी) और उद्यान विभाग के विशेषज्ञों के सहयोग से लगभग 100 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को सफलतापूर्वक पुन: खड़ा कर उसका जीवन रक्षित किया। यह पेड़ हाल ही में तेज हवाओं और लगातार बारिश के कारण गिर गया था।

संस्थान की आधिकारिक प्रवक्ता एवं संयुक्त कुलसचिव स्वाति बिस्वास ने शनिवार को बताया कि आईडब्ल्यूडी की तकनीकी विशेषज्ञता और

**■ तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर गया था पेड़**

बीएचयू के उद्यान विशेषज्ञों के सहयोग से दो जेसीबी मशीनों और एक हाइड्रा की सहायता से इस विशाल पेड़ को अत्यंत सावधानीपूर्वक खड़ा किया गया, ताकि इसकी जड़ों को किसी प्रकार की क्षति न हो। पेड़ को स्थिर रखने के लिए मिटी को मजबूत किया गया तथा आवश्यक जल और पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल संस्थान की पर्यावरणीय प्रतिबधता और सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाती है। संस्थान प्रशासन ने इस समन्वित प्रयास की सराहना की और सभी संबंधित विभागों के योगदान की प्रशंसा की। संस्थान के निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनीष कुमार ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्य में तकनीकी सटीकता और समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण था। कई टन वजन वाले इस पेड़ को जड़ों को क्षति पहुंचाए बिना अत्यंत सावधानी से उठाया गया। दो जेसीबी मशीनों से आधार समर्थन प्रदान किया गया, जबकि हाइड्रा के माध्यम से ऊर्ध्व दिशा में संरेखण सुनिश्चित किया गया। पुन:स्थापना के बाद मिटी को सुदृढ़ किया गया और जड़ों की सुरक्षा के लिए विशेष उपाय किए गए। अगले कुछ सप्ताह तक पेड़ की निरंतर निगरानी की जाएगी, ताकि यह पूरी तरह स्थिर हो सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दीपावली मिलन बना एकता की मिसाल

## विधायक अशोक राणा के आयोजन में पहुंची हजारों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के गांव ठाठजट में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः 10 बजे से ही ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। लोगों की अपार भीड़ को देखते हुए कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा।




कार्यक्रम में विधायक अशोक राणा के पुत्र राणा प्रियंकर सिंह और पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह आने वाले मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत कर रहे थे। वहीं मंच संचालन का कार्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, स्योहारा ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान तथा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल ने संयुक्त रूप से संभाला। विधायक अशोक राणा की टीम की एकजुटता और समन्वय कार्यक्रम के हर स्तर पर दिखाई दिया। स्वागत से लेकर मंच संचालन तक सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन रहीं।

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि इस दीपावली मिलन समारोह में कोई बड़ा राजनीतिक नेता मंच पर नहीं पहुंचा। आम जनता सीधे मंच तक जाकर विधायक को शुभकामनाएं देती रही। इससे यह आयोजन एक जनमंच और सौहार्दपूर्ण संवाद का उदाहरण बन गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों की संयुक्त मौजूदगी ने एकता और भाईचारे का संदेश दिया। चारों ओर उत्साह, उल्लास और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। विधायक अशोक राणा ने मंच से अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें लगातार चौथी बार विधायक बनाकर जो सम्मान दिया है, वह इसके आभारी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी जनता के हर सुख-दुख में पहले की तरह मजबूती से साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक की माता शांति देवी ने मंच से सभी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व पर्यटन मंत्री अशोक कटारिया के पिता रुमाल सिंह, अनिल के. गोयल सहित भाजपा, संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भोजन और जलपान की व्यवस्था के लिए तीन बड़े पंडाल लगाए गए थे। भीड़ इतनी अधिक थी कि प्रशासन को कई किलोमीटर पहले ही ट्रैफिक रोकना पड़ा। पुलिसकर्मियों ने पूरे संयम के साथ भीड़ को नियंत्रित रखा। स्वयं विधायक अशोक राणा ने अपने पुत्र राणा प्रियंकर, उदित नारायण सिंह, नीरज प्रताप सिंह और सोनू राणा के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विधायक ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संवाद और सामाजिक एकता स्थापित करना है, ताकि दीपावली जैसे पर्व पर सभी लोग एक साथ खुशियां बांट सकें। उन्होंने कहा कि यह एक निजी पारिवारिक आयोजन है जिसमें अपनापन, प्रेम और सौहार्द का संदेश निहित है।

इस दीपावली मिलन समारोह में न केवल धामपुर विधानसभा क्षेत्र, बल्कि पूरे जनपद और आस-पास के जिलों से भी हजारों लोग शामिल हुए, जिससे क्षेत्र में उत्सव और एकता का माहौल बन गया।

# बसपा की रैली ने दी 2027 में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की दस्तक: आमिर चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बहुजन समाज पार्टी की लखनऊ में आयोजित ऐतिहासिक रैली ने प्रदेश की राजनीति में नई दिशा और जोश का संचार किया है।



नगर के मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी बसपा से मुरादाबाद मंडल के पूर्व प्रभारी मौ. हाजी इलियास के पुत्र एवं बसपा के कद्दावर नेता आमिर चौधरी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बहन मायावती की यह विशाल जनसभा आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बसपा की सत्ता में वापसी का स्पष्ट संकेत है। आमिर चौधरी ने कहा कि रैली में उमड़ा जनसैलाब न सिर्फ मायावती के नेतृत्व में जनता के विश्वास का प्रमाण है, बल्कि इसने यह भी सिद्ध कर दिया है कि अब प्रदेश की जनता जातिवाद, भेदभाव और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊब चुकी है। जनता अब बसपा की नीति और सिद्धांतों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने कहा कि बहन मायावती ने हमेशा सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की नीति अपना कर समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य किया है। आमिर चौधरी ने कहा है कि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष मुम्ताज अली और नगीना लोकसभा के पूर्व सांसद गिरीश चंद्र की रैली में उपस्थिति और ओजस्वी वक्तव्यों ने कार्यकर्ताओं के जोश को कई गुना बढ़ा दिया। आमिर चौधरी ने कहा कि इन दोनों नेताओं का नेतृत्व पार्टी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है। मुम्ताज अली का संगठनात्मक अनुभव और गिरीश चंद्र का जमीनी जुड़ाव आज बसपा को हर स्तर पर मजबूती प्रदान कर रहा है। आमिर चौधरी ने कहा कि बहन मायावती की ऐतिहासिक रैली ने प्रदेश की राजनीति की दिशा तय कर दी है। 2027 में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन निश्चित है। अब जनता जातिवाद और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है, उसे बसपा की नीतियों में अपना भविष्य नजर आ रहा है। बहन मायावती ही गरीबों, किसानों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की सच्ची आवाज हैं। स्योहारा और बिजनौर में बसपा संगठन दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रहा है। हर कार्यकर्ता परिवर्तन की लड़ाई में जुटा है। आमिर चौधरी ने कहा कि बहन मायावती ने अपने भाषण में जिस तरह से प्रदेश की कानून व्यवस्था, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठाया। उससे साफ हो गया है कि बसपा ही वह ताकत है जो सबको न्याय और सम्मान दिला सकती है। कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पार्टी की नीतियों को पहुंचा रहे हैं। आमिर चौधरी ने कहा कि बसपा का इतिहास संघर्षों और उपलब्धियों से भरा हुआ है। बहन मायावती ने जब-जब सत्ता में आकर प्रदेश को नेतृत्व दिया है, विकास और कानून व्यवस्था की मिसालें कायम की हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में जनता एक बार फिर मायावती को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर प्रदेश को नए विकास पथ पर अग्रसर करेगी।

आमिर चौधरी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों से अपील है कि वे एकजुट होकर बसपा के मिशन में शामिल हों, ताकि सामाजिक न्याय, समान अवसर और भाईचारे का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में 2027 में निश्चित रूप से सत्ता परिवर्तन की दस्तक सुनाई दे रही है और यह परिवर्तन पूरे प्रदेश में एक नई शुरुआत का प्रतीक होगा।

## एक नजर

### डीवीएम में मेहंदी प्रतियोगिता



**नगीना।** डीवीएम महाविद्यालय एवं टेक्निकल कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक इंजीनियरिंग अमित गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता में सानिया प्रथम, नेहा द्वितीय व नूराक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में मोहिता गुप्ता व ठाकुर गरिमा सिंह रहे।

### दस किसानों को उन्नत नस्ल के बीज वितरित




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आज राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत प्रशिक्षित मैत्री को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा नामित किये गये 10 किसानों को उन्नत नस्ल के बीज निःशुल्क वितरित किये गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा, नई दिल्ली में पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ एवं कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला स्तर पर उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन कलैक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** नार्थ इंडिया ग्रुफ ऑफ कॉलेजेस में लायंस क्लब के अध्यक्ष रूचिन सिंघल व क्लब के अन्य गणमान्य सदस्यों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कण्व आश्रम कोटद्वार से आये छात्रों ने स्वागत गीत से की। कार्यक्रम का आरम्भ रूचिन सिंघल, इंजीनियर अवनीश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, डॉ. शिवानी चौहान, डॉ. नीलवती ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम का संचालन अंकित कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अंतर्राष्ट्रीय वक्ता परमार्थ निकेतन ऋषिकेश से आई आध्यात्मिक प्रतिनिधि साध्वी भगवती सरस्वती रही। उन्होंने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व आत्मिक शांति के लिए जीवनोपयोगी विचार साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अभिषेक शर्मा, माणिक गुप्ता, डॉ. रामकिशोर, डॉ. जसवंत सिंह, निकुंज वर्मा आदि का सहयोग रहा।

### अधिवक्ता जनकल्याण समिति की बैठक



**मंडावर।** अधिवक्ता जनकल्याण समिति की मासिक बैठक एडवोकेट काशिफ अली के निवास पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का कुशल संचालन एडवोकेट मुशीर अहमद ने किया। बैठक में समिति के कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के पश्चात समिति के सभी अधिवक्ता साथियों ने सीनियर एडवोकेट आजम अली खान के निवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और समिति के लिए उनका मार्गदर्शन व संरक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर मुशीर अहमद सिद्दीकी, दीपक शर्मा, निकिता शर्मा, राहुल शर्मा, अशोक उपाध्याय, गगन अग्रवाल, काशिफ अली, मिर्जा ताजिम बाग, मुस्तकीम अहमद, अजय कुमार, हर्ष शर्मा, ओवैस अली, मौ. शाकिब, दीपू धीमान, नोमान अली, शिवराज रवि, मौ. तालिब सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बीएससी नर्सिंग के टॉपर सम्मानित

## अच्छी मेहनत से अच्छा फल जरूर मिलता है: उस्मान अहमद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**राजा का ताजपुर।** एएचएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग के टॉपर छात्रों को कॉलेज की ओर से प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन हाफिज उस्मान अहमद ने नर्सिंग स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छी मेहनत से अच्छा फल जरूर मिलता है। विद्यार्थी जीवन में जितनी अधिक मेहनत करोंगे भविष्य उतना ही अच्छा होगा। कॉलेज की ओर से परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आगे भी सम्मानित किया जायेगा। अच्छा काम कर अपने माता-पिता तथा कॉलेज का नाम ऊंचा करें और अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। बीएससी नर्सिंग फोर्थ सेमेस्टर में सुहानी चौहान को सर्वाधिक 77.42 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 1500 रुपए का चैक, रेशु रानी को 75.14 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 1000 रुपए का चैक, मौहम्मद तालिब को 72.57 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 500 रुपए का चैक प्रदान किया गया।

बीएससी नर्सिंग फिफ्थ सेमेस्टर में मौहम्मद जीशान, शमा परवीन, मौहम्मद साहिल को क्रमशः 1500, 1000 तथा 500 रुपए के चैक प्रदान किए गए। मेधावी छात्र सम्मान में कॉलेज डायरेक्टर इंतजार अहमद, मौलाना शमीम अहमद, डॉ. नौशाद अहमद, जैद अंसारी, सोफिया, शफत, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन कमलजीत सिंह नूर ने किया।

# मॉडर्न एरा के छात्र निंकुज का एनडीए में चयन

## ऑल इंडिया में हासिल की 381वीं रैंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के छात्र निकुंज खन्ना ने पूरे भारत में (NDA) में 381वी रैंक के साथ चयनित होकर अपने देश, जिले एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

निकुंज खन्ना ने नेशनल डिफेंस एकेडमी (NDA) में ऑल इंडिया रैंक 381 प्राप्त की है और वे कोर्स संख्या 155 में अपना प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उनका यह चयन हमारे देश के भावी सैनिक के रूप में एक गर्व का विषय है।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने निकुंज की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय और देश दोनों के लिए गर्व का क्षण है। मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल परिवार ने निकुंज खन्ना को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही पूरे विद्यालय के छात्रों में एक हर्ष और देश भक्ति का माहौल उमड़ कर आया है।




## शिवपुरी में मौत के बाद भी नहीं जागा स्वास्थ्य विभाग

# डेंगू बुखार की चपेट में ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में बीते रविवार को डेंगू बुखार से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। अब उसकी पत्नी की हालत भी डेंगू बुखार के कारण गंभीर बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर मात्र औपचारिकता निभाई। अभी तक कीटनाशक दवाइयों का भी छिड़काव नहीं हुआ। पूरा गांव अभी भी डेंगू व वायरल बुखार की चपेट में हैं।

गौरतलब है कि नगर से सटे ग्राम शिवपुरी को डेंगू व वायरल बुखार ने पूरी तरह से अपनी चपेट में ले रखा है। बीते रविवार को ई-रिक्शा चालक तेजपाल सिंह (40 वर्ष) पुत्र गुरदयाल सिंह की डेंगू बुखार के चलते तमाम कोशिशों के बावजूद एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। साथ ही बुखार ने गांव में लगभग सौ परिवारों को अपनी चपेट में ले रखा है।

मृतक तेजपाल सिंह की पत्नी नीलम (35 वर्ष) को भी डेंगू बुखार ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है।





### गांव में कीटनाशक का छिड़काव तक नहीं हुआ पैरासीटामोल टैबलेट बांटकर निभाई औपचारिकता


परिजनों ने बताया कि नीलम की हालत गंभीर बनी हुई है जो कि फिलहाल धामपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती है। मृतक तेजपाल के दो बच्चे हैं। एक पुत्री परिधी (10 वर्ष) तथा एक पुत्र वंशराज (09 वर्ष) दोनों बच्चों का रो-रो का बुरा हाल है।

अभी तक प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार को कोई मदद न पहुंचने के कारण ग्रामीणों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। न हीं अभी तक कोई जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार की खबर लेने पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को पैरासीटामोल टैबलेट बांटकर मात्र औपचारिकता निभाई गांव में अभी तक कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव भी नहीं हुआ।

गत सप्ताह गांव में जल निगम द्वारा लगी पानी की टंकी की लाइन से जगह-जगह पानी लीकेज होने के संबंध में दैनिक शाह टाइम्स में प्रकाशित समाचार पर जल निगम के अधिकारियों की आंखें खुली फिलहाल टंकी की लीकेज लाइन पर मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है।

## एक नजर

### आरकेएसएम स्कूल में निबंध प्रति.



**राजा का ताजपुर।** आरकेएसएम पब्लिक स्कूल में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन सर्वश्रेष्ठ निबंध सीबीएसई बोर्ड को भेजे गए। उप प्रधानाचार्य स्वाति चौहान के निर्देशन में आयोजित इस निबंध प्रतियोगिता में 80 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चयनित छात्रा सुहानी, नैना, मानवी ने बताया कि आज बदलते परिवेश में घटित होने वाले साइबर क्राइम भ्रष्टाचार अपराध के प्रति सतर्क रहना एवं अपने देश के नागरिकों को इनके प्रति जागरूक करना हमारी अपनी जिम्मेदारी है। हमें सरकार की जांच एजेंसियों को सहयोग करना चाहिए। भ्रष्टाचार देश व समाज की प्रगति में बाधक है। लालच के वशीभूत हमें कोई कार्य नहीं करना चाहिए। देश की समप्रभुता एकता को हानि पहुंच. ाने वाले तत्वों से सावधान रहना चाहिए। देशहित में हमें एक आदर्श नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए। देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए। विद्यालय स्तर पर स्थान प्राप्त छात्रा सुहानी, नैना, मानवी को प्रधानाचार्य आशाराम राजपूत ने सम्मानित किया।

### कला एवं शिल्प प्रतियोगिता



**बिजनौर।** नई बस्ती स्थित सेंट जॉन्स स्कूल में एक कला और शिल्प प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा छह से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती अर्चना चौधरी, शिक्षक रवि कुमार, शिक्षिका युसरा अशरफ और मुस्कान बंसल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रथम स्थान पर कक्षा छह की वैष्णवी वस्त रही व कक्षा छह के मौहम्मद अरमान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा आठ से हमजा तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमारी महिमा रानी ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व



**बिजनौर।** गुरुद्वारा सिंह सभा झंडापुर संधू फार्म बवनपुरा में गुरु ग्रन्थ साहिब का पहला प्रकाश पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पंजाब से कथा वाचक व कबीरा जत्थे पधारे थे एवं बिजनौर व दूर दराज इलाके से भारी संख्या में संगत उपस्थित हुए। जिसमें भारतीय किसान यूनियन टिकैत बिजनौर के सम्मानित पदाधिकारी, बिजनौर जिलाधिकारी व जिला उपाधिकारी भी उपस्थित हुए। समागम की सेवा निभा रहे गुरुद्वारा साहिब के सरदार दर्शन सिंह द्वारा निभाई गई। जिसमें गुरुद्वारा सिंह सभा झंडापुर के सेवा दार भारतीय किसान यूनियन टिकैत बिजनौर के युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत संधू। गुरप्रीत सिंह, सुखराज सिंह, कुलविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह, बलदेव सिंह, आकाश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बरः- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुलेंगे क्रय केंद्र

## धान क्रय कार्य में कार्मिकों की प्रशिक्षण कार्यशाला सम्बन्धी बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत धान क्रय कार्य में कार्मिकों की प्रशिक्षण कार्यशाला सम्बन्धी बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, बिजनौर, प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण), डिपो प्रबन्धक, भाखानि, जिला प्रबंधक पीसीएफ/ भाखानि, मंडी निरीक्षक बिजनौर तथा क्रय संस्थाओं के केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।




अपर जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा किसानों को मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद का ससमय लाभ दिए जाने के उद्देश्य से जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद के लिए कुल 30 धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। खाद्य विभाग के 16, पीसीएफ के-13, एवं भाखानि का-01 क्रय केन्द्र खोला गया है। शासन द्वारा धान खरीद का समर्थन मूल्य कामन रुपए 2369/- एवं ग्रेड ए-2389/- प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। शासन की महत्वपूर्ण धान खरीद योजना एक अक्टूबर, 2025 से प्रारम्भ हो गई है, जो 31 जनवरी, 2026 तक चलेगी। क्रय केन्द्र खुलने का समय प्रातः नौ बजे से सायं पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। जनपद का धान क्रय लक्ष्य 53000 मी. टन निर्धारित किया गया है।

उन्होंने समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि कृषकों द्वारा क्रय केन्द्र पर बेचे गये धान का भुगतान सीधे उनके आधार लिंक बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करें। कृषकों द्वारा अपने बैंक खातों को आधार सीडेड एवं बैंक शाखा द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि धान बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में किसान द्वारा पंजीकरण के समय पंजीकरण प्रपत्र परिवार के नामित सदस्य (माता/पिता, पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री, दामाद / पुत्रवधू, सगा भाई / सगी बहन में से) का विवरण एवं उनका विवरण एंव उनका आधार नम्बर कृषक पंजीकरण के समय फीड कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बटाईदारों से भी धान खरीद करना सुनिश्चित करें। बटाईदार कृषकों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए धान की बिक्री कराई जाए। बटाईदार कृषक व मूल कृषक/भू-स्वामी के मध्य लिखित सहमति से मूल कृषक के भूलेख तथा उसके आधार लिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित कर पंजीकरण कराया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि मूल स्वामी के दूरभाष नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित करना सुनिश्चित करें ताकि उसकी जमीन का पंजीकरण बटाईदार श्रेणी में किया जाए तथा वह अपना आधार नम्बर दर्ज कर बटाईदार द्वारा कराये गये पंजीकरण प्रपत्र को देख सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि यदि कृषक द्वारा लाया गया धान गीला अथवा गन्दा होने की स्थिति में है तो धान को तुरन्त अस्वीकृत न करते हुए कृषक को क्रय केन्द्र पर धान को सुखाने व साफ करने का पर्याप्त मौका दिया जायेगा व मानक के अनुरूप आने पर ही क्रय किया जायेगा। क्रय केन्द्र पर कृषकों का धान 'पहले आओ पहले पाओ' के सिद्धान्त पर क्रय किया जायेगा, परन्तु यदि किसी क्रय केन्द्र पर उसकी दैनिक खरीद क्षमता से अधिक किसान पहुंचते हैं, तो क्रय केन्द्र पर कृषकों की सुविधा के लिए ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था की जायेगी।

यदि कृषक का धान निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है एवं धान की छनाई एंव सफाई की आवश्यकता समझी जाती है, तो धान की उतराई, छनाई एवं सफाई का कार्य कृषक स्वयं करने का मौका दिया जाए। यदि कृषक द्वारा धान क्रय केन्द्रों पर धान की उतराई, छनाई एवं सफाई का कार्य क्रय केन्द्र पर उपलब्ध श्रमिकों से कराया जाता है, तो कृषक श्रमिकों से वार्ता कर समझौते के अनुरूप परन्तु अधिकतम रुपए-20 प्रति कु. की दर से श्रमिकों को भुगतान करना सुनिश्चित करें। जिसकी प्रतिपूर्ति उनके खाते में पी. एफ.एम.एस. के माध्यम से की जा सके।

उन्होंने समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि कल तक सभी ई-पॉप मशीन सक्रिय हो जाये, सभी धान क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों द्वारा योगदान कर लिया जाये, पूर्व वर्षों में क्रय किये गये धान वाले कृषकों से सम्पर्क स्थापित कर किसान पंजीकरण में प्रगति लाये तथा क्रय केन्द्रों पर धान खरीद से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए नियमानुसार धान खरीद का कार्य सम्पादित करेंगे।

# बिजनौर के सर्जन ने चौथी डिग्री पेरीनियल टीयर का किया सफल जटिल ऑपरेशन

## पीड़िता को दी नई जिंदगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यहां जजी रोड स्थित कैलाशवती मैमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने एक महिला मरीज का चौथी डिग्री पेरीनियल टीयर का जटिल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी दी। मरीज की जिंदगी पिछले दो महीनों से मल नियंत्रण की कमी और योनि व मलद्वार के एक हो जाने के कारण नरक बन गई थी।

सहारनपुर निवासी सना नामक मरीज ने बताया कि डीलीवरी के समय योनी व मल द्वार के एक हो जाने से उसका जीना दुश्वार हो गया था। सहारनपुर व मुजफ्फरनगर में कई डाक्टरों के इलाज के बावजूद उसका ऑपरेशन सफल नहीं हो पाया। उसके पति जकी खान एक दवा कंपनी में काम करते हैं। उन्हें किसी ने डॉ. वीरेन्द्र के बारे में बताया। डॉ. वीरेन्द्र ने बहुत कम खर्च पर उसका सफल ऑपरेशन किया। अब वह बिल्कुल ठीक है। सना ने कहा कि उसे नई जिंदगी मिली है।


डॉ. वीरेंद्र सिंह सर्जन

डॉ. वीरेन्द्र सिंह के अनुसार गत 19 जुलाई 2025 को सना को एक अन्य अस्पताल में सामान्य प्रसव के दौरान चौथी डिग्री पेरीनियल टीयर हो गया था। वहां इलाज के दौरान टांके लगाए गए, लेकिन कुछ ही दिनों में इंफेक्शन के कारण टांके खुल गए, दूसरी बार टांके लगाने की कोशिश भी असफल रही। दो महीने तक मल नियंत्रण न होने और लगातार शारीरिक व मानसिक परेशानी झेलने के बाद सना को उनके कैलाशवती मैमोरियल हॉस्पिटल लाया गया था। चौथी डिग्री पेरीनियल टीयर का जटिल ऑपरेशन किया गया, जिसमें मलद्वार की आंतरिक और बाह्य स्फिंक्टर मांसपेशियों, म्यूकोजा, पेरीनियल बॉडी की मांसपेशियों और योनि की म्यूकोजा को सावधानीपूर्वक ठीक किया गया। ऑपरेशन के 12 दिन बाद सना पूरी तरह स्वस्थ है, सामान्य रूप से खा-पी रही है।

### क्या है पेरीनियल टीयर?

पेरीनियल टीयर प्रसव के दौरान योनि और मलद्वार के बीच के हिस्से (पेरीनियम) के फटने की स्थिति है। यह चार डिग्री में वर्गीकृत होती है। पहली और दूसरी डिग्री के टीयर मामूली होते हैं और आसानी से टांकों से ठीक हो जाते हैं, लेकिन तीसरी और चौथी डिग्री के टीयर गंभीर होते हैं, जिनमें मलद्वार की स्फिंक्टर मांसपेशियां और म्यूकोजा तक फट जाती हैं। चौथी डिग्री में योनि और मलद्वार एक हो जाते है, जिससे मल नियंत्रण की समस्या और गंभीर दर्द होता है।

# मोबाइल की दुकान के ताले तोड़ कर चोरी

**नहटौर।** मौहल्ला अफगानान में पठानो वाली मस्जिद के पास मौहम्मद जुनैद की मोबाईल की दुकान के अज्ञात चोरों ने बीती रात को ताले तोड़कर नये व पुराने मोबाईल के अलावा कीमती सामान और करीब सत्तर हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली गई। सुबह को दुकान के शटर के ताले टूटे देख चोरी होने का पता चलने पर हड़कंप मच गया। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाले गए। मोबाईल की दुकान के शटर के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया। दुकान के ताले तोड़कर चोरी होने को लेकर दुकानदार भी सकते में है। लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। चामुंडा मंदिर मार्केट के पास ही यह मोबाईल की दुकान है।

# हथियार सहित शातिर मुकुल को पुलिस ने दबोचा

## अंकित कर चुका कोर्ट में सरेंडर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाश मुकुल को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 17 अगस्त को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अभियुक्त अंकित पुत्र जगवीर निवासी फरीदपुर दर्गा ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिल कर उसके पुत्र व पत्नी को तमंचा दिखा कर धमकाया और जान से मारने की धमकी भी दी। शहर कोतवाली पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट व आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। नामजद अभियुक्त अंकित ने दो सितंबर को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। अभियोग में धारा 3 (5) बीएनएस की भी वृद्धि की गई थी। विवेचना के द्वारा अभियुक्त मुकुल पुत्र परवेंद्र निवासी ग्राम महमूदपुर जगमल, थाना कोतवाली देहात का नाम भी प्रकाश में आया।

पुलिस ने मुकुल को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद कर लिया है। लेकिन पुलिस यह पता नहीं लगा पाई है कि आखिरकार वारदात को अंजाम देने के लिए अभियुक्त के पास तमंचा कहा से आया था। सूत्रों के मुताबिक जनपद में हथियारों के तस्कर भी सक्रिय है। जो चोरी छिपे हथियार बेच रहे है।

# रेहड़ में सरकारी दीवारों का दुरुपयोग

## प्रधान पद का प्रत्याशी पूरी तरह से गुण्डागर्दी पर उतारू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अभी पंचायत चुनाव में काफी देर है, मगर प्रधान पद के संभावित प्रत्याशियों शराब व मुर्गी बांटते हुए प्रचार भी शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में अफजलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रेहड़ में प्रधान पद का प्रत्याशी शादाब शमीम प्रशासन को चुनौती देते हुए प्रचार के लिए पंचायत घर की दीवार का इस्तेमाल कर रहा है। इसने पंचायत घर की दीवार पर फ्लैक्सी भी लगवा दी है। ग्रामीण दबी जुबान से इसकी आलोचना भी कर रहे है, मगर दबंग छवि की वजह से खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे है। इन्हें डर है कि शादाब शमीम अपने मुर्गों से उनके ऊपर हमला भी करा सकता है।




दूसरी तरफ ब्लॉकों के अधिक. ारी पूरे जनपद में सरकारी भवनों एवं सम्पत्तियों की सुरक्षा को लेकर कतई गंभीर नहीं है। अगर इसी तरह सरकारी सम्पत्तियों का दुरुपयोग होता रहा, तो फिर हालात खराब हो जाएंगे। अभी पंचायत चुनाव को लेकर काफी वक्त है और किसी तरह की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है, मगर संभावित दाबेदारों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए तमाम तरह के हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए है। कोई शराब व मुर्गी बांट रहा है, तो कोई ग्रामीणों को उनकी जरूरत के हिसाब से रकम उधार दे रहा है। ग्रामीण भी बेहद चालाक है। वह जिला पंचायत सदस्य एवं प्रधान पद के पूंजीपति संभावित प्रत्याशियों को जरूरत बता कर बिना ब्याज के रकम उधार मांग रहे है। उन्हें साहुकारों के पास नहीं जाना पड़ रहा है।

इधर ऐसे भी कई चालाक और लोमड़ी की खासियत रखने वाले संभावित प्रत्याशी भी है, जो फिलहाल अपने पत्ते नहीं खोल रहे है। वह आरक्षण की स्थिति पर भी नजर रखे हुए है। उन्हें पता है कि अगर अभी से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया गया, तो लालची ग्रामीण उनका खजाना खाली कर देंगे। वैसे भी पंचायतों को वित्तीय स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है। अधिकारियों का दखल काफी ज्यादा बढ़ गया है और सरकार से धनराशि खर्च की तुलना में काफी कम मिलती है।

## एक नजर

### विधि-विधान से बॉयलर पूजन



**हल्दौर।** बजाज हिन्दुस्तान शुगर लिमिटेड, बिलाई यूनिट में पूरे विधि-विधान से बॉयलर पूजन किया गया। पंडित नरेश चंद्र बलूनी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यूनिट हेड विजयवीर सिंह से बॉयलर पूजन कर हवन की पवित्र अग्नि से बॉयलर में अग्नि प्रवाहित कराई। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व कर्मियों ने हवन कुंड में आहुति डालकर आगामी सीजन की सफलता की कामना की। इस अवसर पर प्रोडक्शन हेड पंकज अग्रवाल, इंजीनियरिंग हेड गोपाल कुमार, एचआर हेड संजय गोयल, फाइनेंस हेड संजय गुप्ता, आईटी हेड अनूज शर्मा, एडमिन एंड सिक्यॉरिटी हेड कपिल कुमार त्यागी, सेल्स हेड शिव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पटाखा गोदाम का निरीक्षण



**नांगल सोती।** क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने थाना नांगल पुलिस के साथ नांगल-मंडावली मार्ग के किनारे सैदपुरी और नांगल के मध्यक्ष स्थित पटाखा गोदाम का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि उक्त पटाखा गोदाम/ निर्माण स्थल आबादी से दूर है तथा आपात स्थिति के लिये पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। अधिकांश व्यवस्थायें ठीक मिली हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पटाखा गोदाम संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

## पुष्पवर्षा से कई स्थानों पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर कलश व शोभायात्रा अग्रसेन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंजाबी कालोनी से प्रारंभ कर महाराज अग्रसेन धर्मशाला में समापन किया गया।

महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर कलश शोभायात्रा गत वर्षो की भांति अग्रसेन धर्मशाला पंजाबी कालोनी से करीब 4 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मौहल्ला नालबंदान स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। मार्ग में करीब एक दर्जन स्थानों पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा, मिष्ठान, सूक्ष्म जलपान व सौंप मिश्री द्वारा स्वागत किया गया। श्री अग्रवाल सभा रजि, अग्रवाल युवा संगठन व अग्रवाल महिला संगठन के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा में अग्र समाज की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ अग्रवाल समाज के प्रधान शीतल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, प्रदीप गर्ग द्वारा भव्य रथ पर सवार महाराजा अग्रसेन रूपी झांकी को तिलक लगाकर व पूजा आरती कर किया गया। शोभा यात्रा ढोल- नगाड़ों व बेंड बाजो के साथ नगर के मुख्य मार्गो, गांधी मूर्ति तिराहा, नगर पालिका बाजार, बाजार लुहारी सराय, बाजार मझलेटा, बाजार गंज बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ, सुनहरी मस्जिद व सर्राफा बाजार होती हुई मौहल्ला नालबंदान स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। शोभा यात्रा में राम दरबार व राधा कृष्ण जी की मनोरम झाकियों ने भव्यता प्रदान की।




शोभा यात्रा के समय मार्ग में करीब एक दर्जन स्थानों पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा, मिष्ठान, सौंफ मिश्री व सूक्ष्म जलपान द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान विशेष वेशभूषा में महाराजा अग्रसेन के अट्ठारह पुत्रों के अग्रवाल समाज के अट्ठारह गोत्रों के रूप में चल रहे बच्चे आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे, जिनके साथ मे अग्रवाल महिला संगठन की महिलाएं अपने सिर पर सजे हुए कलश लेकर चल रही थीं।


अग्रवाल समाज की कलश शोभायात्रा के दौरान ढोल नगाड़ों की थाप पर युवाओं द्वारा खूब नृत्य किया गया और युवाओं ने अग्रसेन महाराज की जय आदि के नारे लगाये।

शोभायात्रा में शीतल अग्रवाल, अनुप वाल्मीकि, प्रहलाद सिंह कुशवाहा, गौरव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, लवी मित्तल, संतोष कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संजीव उर्फ विक्की अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, मोहित गर्ग, मयंक अग्रवाल, मोहित गोयल, शरद गर्ग, गौरव गोयल, शरद अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सौरभ मित्तल, मोहक अग्रवाल, इंजी अमित गुप्ता, ममता अग्रवाल, राशि अग्रवाल, नीता गोयल, लवली अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, ऋतु गर्ग, नीता गुप्ता, कमलनी अग्रवाल, श्वेता गोयल, स्वाति अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सचिन मित्तल, लक्ष्य बंसल सहित अग्रवाल समाज के सैंकड़ों पुरुष, महिलाओं व बच्चें मौजूद रहे। पुलिस थाना प्रभारी अवनीत मान सहित पुलिस बल शोभा यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से साथ चल रहे थे।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत : राशिद हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने स्व. डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर एक प्रेसनोट में कहा कि स्व. डॉ. राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति के ऐसे महामानव थे, जिन्होंने देश में समाजवाद, समानता, और न्याय की एक नई धारा प्रवाहित की। लोहिया जी का पूरा जीवन शोषित, वंचित और गरीब तबके के उत्थान के लिए समर्पित रहा। वे मानते थे कि जब तक समाज में असमानता रहेगी, तब तक सच्चे लोकतंत्र की स्थापना नहीं हो सकती।



राशिद हुसैन ने कहा कि लोहिया जी ने हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका 'पांच रास्ते वाला समाजवाद' आज भी देश के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने हमें सिखाया कि राजनीति का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि समाज की सेवा और न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना होना चाहिए।

पूर्व जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि डॉ. लोहिया ने 'अंग्रेजी हटाओ', 'जमींदारी समाप्त करो' और 'जाति तोड़ो' जैसे नारे देकर भारत को सामा. जिक और आर्थिक बराबरी की राह दिखाई। वे मानते थे कि जब तक समाज में ऊंच-नीच और भेदभाव रहेगा, तब तक असली आजादी अधूरी रहेगी। राशिद हुसैन ने कहा कि आज जब देश में सामाजिक और आर्थिक विषमता बढ़ रही है, तब डॉ. लोहिया के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समाजवादी पार्टी उन्हीं के विचारों पर चलकर जनता के अधिकारों की रक्षा और समाज में समानता स्थापित करने के लिए संघर्षरत है।

उन्होंने कहा कि मिशन 2027 में समाजवादी पार्टी डॉ. लोहिया जी के बताए रास्ते पर चलकर संगठन को मजबूत करेगी और समाज के हर तबके को जोड़ने का काम करेगी। पार्टी का लक्ष्य है कि समाजवाद, न्याय और भाईचारे की भावना को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाया जाए। राशिद हुसैन ने अंत में कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है और समाजवादी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज में परिवर्तन का संकल्प लें।

# जिला कारागार में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के आदेशों के क्रम में तथा जेलर रविंद्रनाथ की उपस्थिति एवं निर्देशन में जिला कारागार बिजनौर में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन बिजनौर के तत्वावधान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा ने कैदियों को विभिन्न योगासान पद्मासन, श्वसन, अश्वासन, शलभासन, हलासन, वज्रासन, गोमुखासन, शलभासन तथा धनुरासन आदि कराए और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

रामनाथ सिंह योगाचार्य ने सभी बंदियों को कफ, पित्त, वात को संतुलन रखने के लिए अभ्यास कराया।

# मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम जलालपुर में झारखंड निवासी एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन बिना कार्रवाई के शव को ले गए। झारखंड के जिला चतरा के ग्राम दखड़ा निवासी छोटू (22 वर्ष) पुत्र अनिल जलालपुर में किसान संगम पुत्र नरेन्द्र के यहां रहकर काम करता था। गुरुवार को अचानक छोटू की हालत की बिगड़ गई। उसने कई बार उल्टी की। किसान छोटू को लेकर मेडिकल अस्पताल गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन बिना कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि अचानक छोटू की मौत होने पर उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन बिना कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए हैं।

# परम्परागत ढंग से मनाया गया करवा चौथ पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले भर में शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागिन महिलाओं ने अपनी पति की लंबी आयु की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। दिन भर भूखी -प्यासी रहकर महिलाओं ने शाम के समय करवा माता की पूजा अर्चना की और पारपरिक रीति रिवाजों के अनुसार कथा सुनी। रात को चांद निकलने पर सुहागिनों ने चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने अपने पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत को पूर्ण किया। त्यौहार के अवसर पर पतियों ने भी अपनी पत्नियों को प्रेम और सम्मान का प्रतीक मानकर उपहार स्वरूप गिफ्ट प्रदान किए। घरों में उत्सव का माहौल रहा। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों, सोलह श्रृंगार और मेहंदी से सजकर करवा चौथ के रंग को और भी खुशनुमा बना दिया।





**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र कौशल कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे साथ आये दिन अभद्र व्यवहार करते हैं। मैंने इनके गलत व्यवहार से तंग आकर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। इनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कुंवरपाल सिंह पुत्र हरिलाल निवासी ग्राम अजीमुल्लानगर उर्फ कादराबाद, परगना अफजलगढ़, जनपद बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम HAJRA BEGAM से बदल कर HAZRA रख लिया है। अब मुझे भविष्य में HAZRA के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

HAZRA W/o MOHD TASLEEM
R/o MOHALLA LAL SARAI KASBA
BADHAPUR DISTT BIJNOR

# सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

## जय प्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे: शेख जाकिर हुसैन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यकर्त्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध संघर्ष कर देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज जयप्रकाश के आदर्श पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जनहित और किसान हित के लिए संघर्ष करता रहेगा। जयप्रकाश नारायण ने यह सिखाया कि राजनीति सत्ता पाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का साधन है। आज की राजनीति में अगर पारदर्शिता और नैतिकता लानी है, तो हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, व्यापारियों और वंचित वर्गों की आवाज बनकर खड़ा है। समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता 'लोकशक्ति ही राष्ट्रशक्ति' के सिद्धांत को अपनाते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव संघर्षशील रहेगा।

उन्होंने कहा कि आज जब शिक्षा, रोजगार और किसानों की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, तब हमें जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति की भावना को आत्मसात करना होगा।

उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक सपा कार्यकर्त्ता अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक न्याय, समान अवसर और पारदर्शी राजनीति के लिए कार्य करें।

जयंती कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह देवल, डॉ. रहमान, सत्यपाल सिंह, मदन लाल सैनी, वीके कश्यप, राधा सैनी, महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, अफजाल उल हक, डॉ. इरफान मलिक, अहमद खिजर खान, रामचंद्र, बबली भुईयार, नमन कुमार, संजय पाल उपस्थित रहे।

# सेंट मैरी में विज्ञान प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज सेंट मैरी स्कूल में विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर लिसी एवं विद्यालय के प्रबंधक फादर जोश वर्गीस के कुशल मार्गदर्शन में आज विशाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एसएचओ राहुल कुमार थे।

विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक की भूमिका में फादर वर्गीस, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. श्रीमती अजीता अग्रवाल, प्रमोद कुमार भंडारी, डॉ. नीति शर्मा, डॉ. के.सी. मठपाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर जोश वर्गीस ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट किया और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के मनोबल का विकास होता है तथा उन्हें इस तरह की प्रदर्शनियों के माध्यम से सीखने का मौका मिलता है। जिससे उनके बुद्धि एवं कौशल का विकास होता है। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बच्चे एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# रेड रॉट संकट से उबरने का अभिनव मार्ग बना स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित सीडलिंग उत्पादन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि यह वाकई गन्ना खेती में चुनौतियों और एक सफल, अभिनव समाधान को दर्शाने वाला एक प्रेरणादायक परिदृश्य है। गन्ना खेती में चुनौतियां और समाधान रेड रॉट रोग के बार-बार हमलों ने सीओ 0238 जैसी होनहार किस्म को भारी नुकसान पहुंचाकर चीनी मिलों के उत्पादन और किसानों की आजीविका दोनों को खतरे में डाल दिया था। इस संकट ने प्रमाणित, रोग-मुक्त बीज गन्ने की विश्वसनीय आपूर्ति की सख्त आवश्यकता को उजागर किया।

विभाग की अभिनव पहल, जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह स्वस्थ पौधों का उत्पादन कर रहे हैं के साथ-साथ चीनी मिल के लिए भी एक जीवन-रेखा बन गई है। बिजनौर के चांदपुर स्थित राधा रानी स्वयं सहायता समूह इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह समूह सफलतापूर्वक रेड रॉट प्रतिरोधी, उच्च उपज वाली किस्मों जैसे सीओएल के 16202 और सीओएस 18231 के रोग मुक्त और स्वास्थ्य पौधे तैयार कर रहा है। यह समूह अब इन स्वस्थ पौधों के सतत उत्पादन और वितरण दोनों में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। एकल आंख पौधा उत्पादन के लाभ (सिंगल बुड सीडलिंग) गन्ने को पारंपरिक रूप से पूरे टुकड़े (सेट्ट) बोने की विधि की तुलना में एकल कली वाले पौधों (जिन्हें सीडलिंग भी कहते हैं) से उगाना कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह विधि रेड रॉट रोग के प्रबंधन और नई किस्मों को तेजी से किसानों तक पहुंचाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। रोग नियंत्रण चूंकि पौधों को नर्सरी में निगरानी में उगाया जाता है, इसलिए उन्हें रोग-मुक्त रखना आसान होता है। जिससे रेड रॉट जैसी बीमारियों के प्रसार को सीधे रोका जा सकता है। कली निकालने के लिए गन्ने के ऊपरी हिस्से का उपयोग करना भी अक्सर स्वस्थ रोपण सामग्री देता है। कम बीज दर पारंपरिक तरीके से 2-3 आंख वाले सेट्ट बोने की तुलना में, इस विधि में प्रति इकाई क्षेत्र काफी कम बीज गन्ना सामग्री की आवश्यकता होती है, जिससे यह बहुत किफायती है। एक समान और मजबूत वृद्धि पौधों को आमतौर पर समान एवं उचित आयु में प्रत्यारोपित किया जाता है, जिससे खेत में बेहतर और अधिक एक समान स्थापना होती है। वे अक्सर शुरुआत में अधिक मजबूती दिखाते हैं और अधिक प्रभावी ढंग से टिलरिंग (नए कल्ले) पैदा कर सकते हैं। रिक्त स्थान भरना मुख्य खेत में छूटे हुए रिक्त स्थानों को भरने के लिए इन पौधों का प्रभावी और आसानी से उपयोग किया जा सकता है, जिससे एक समान पौधे की संख्या सुनिश्चित होती है, जो सेट्ट की सीधी बुवाई में कठिन होता है। शीघ्र परिपक्वता, स्वस्थ, पहले से अंकुरित पौधों से उगाई गई फसलें जल्दी परिपक्व हो सकती हैं, जिससे किसान जल्दी कटाई कर पाते हैं। किस्मों का त्वरित प्रसार सीओओ एलके16202, सीओएस 18231 जैसी नई बेहतर और रोग प्रतिरोधी किस्में तेजी से गुणा की जा सकती हैं और कम समय में बड़ी संख्या में किसानों को उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

यह जानकारी सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना परिषद चांदपुर ने दी।

# राजकीय वाहन चालक महासंघ ने 25 नवम्बर दिल्ली महारैली को दिया समर्थन: सुनील शर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजकीय वाहन चालक महासंघ जनपद शाखा बिजनौर की विकास भवन स्थित संघ कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा एवं जिला मंत्री हेमराज सिंह के संचालन में बैठक हुई।

बैठक में राजकीय वाहन चाल. कों की समस्याओं एवं पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा के प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आह्वान पर दिल्ली महारैली को पूर्ण समर्थन दिया गया। तन मन धन से सहयोग करने पर चर्चा हुई। जिला संरक्षक राजपाल सिंह ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही नहीं अन्य राज्यों में भी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह निरंतर सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा (पुरानी पेंशन) के लिए मजबूती से संघर्षरत है। हम उनके संघर्ष की सराहना करते हैं और संघर्ष के क्रम में आगामी 25, नवंबर को दिल्ली महारैली आयोजित की जाएगी। जिसमें राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रत्येक कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार ने कहा कि राजकीय वाहन चालक महासंघ अपने कर्मचारियों का उत्पीडन बर्दाशत नहीं करेगा। पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार जिसके लिए हम अटेवा के साथ है। जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा ने सभी से सहयोगी का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी ने हमेशा पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन का समर्थन किया। साथ ही सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष फ्रैंक आस्किंग कृषि उत्पादन एवं ग्राम विकास के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष विकास पाठक, संगठन मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार सैनी, पूर्व जिला मंत्री भोपाल सिंह, राजीव कुमार आदि ने संबोधित किया।

## चांदपुर में बिक रहा नकली दूध

**चांदपुर।** दीपों के पावन पर्व पर बाजारों की रौनक बढ़ने लगी है। साथ ही हॉलसेल दुकानदारों द्वारा पुराना माल भी कम रेट पर बिक्री हेतु निकाला जा रहा है, जिससे न सिर्फ उनके पुराने व कबाड़ हो रहे सामान से इंकम हो रही है बल्कि कबाड़ियों का कारोबार भी तेजी से चल निकला है। दीपावली के पर्व पर नकली सामान ही नहीं बल्कि मिलावटी खाद्य पदार्थो को भी तेजी से तैयार कर दुकाने व गोदामों को भरने का काम चल रहा है। गली गलियारों मे चल रही दूध की डेयरियो पर आस पास के गांवों मे बन रहे नकली दूध की तेजी से सप्लाई की जा रही है। साथ ही नकली पनीर, नकली खोया, नकली मट्ठा, नकली दही व नकली छाछ जहरीले कैमिकल्स आदि के मिश्रण से तैयार की जा रही है, जिसे दीपावली के पर्व पर बाजारों में बेचा जायेगा। नकली दूध, पनीर, दही, छाछ व मिठाईयां बनती है। सभी को पता भी है। मगर ऐसे नकली सफेद जहर (दूध) को बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हो पाती।

# रिसेंट एडवांसमेंट इन आयुर्वेद विषय पर सेमिनार

## आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का महत्व बताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में रिसेंट एडवांसमेंट इन आयुर्वेद विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रजव्वलन एवं धनवन्तरी वन्दना के साथ किया गया, जिसमें अनम, अश्वनी, सुमित, आलिया, सलोनी सम्मिलित थे। कार्यक्रम में अलग-अलग कालेजेस के शिक्षकों को निमंत्रित किया गया।

सेमिनार का आयोजन संस्थापक राजीव कुमार एवं अधयक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में कालेज डायरेक्र वैद्य संदीप एवं डीन एकेडमिक डा. विशाल कुमार द्वारा आयोजित करवाया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वैद्य बनवारी लाल गौर जिन्हें हाल ही में 2025 में आयुर्वेद की शिक्षा में धनवन्तरी पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है, जिन्होंने आयुर्वेद के परम्परागत ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों के समन्वय पर जोर दिया है। साथ ही प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के महत्व को उजागर किया है।

इसके अलावा वैद्य विश्ववासु कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। जिन्होंने औषधियों के स्व: निर्माण को बल दिया। साथ ही व्यवस्थित जीवन शैली के महत्व को बताया। रस औषधियों के महत्व के साथ शास्त्रीय परंपरा के अनुसार औषध निर्माण एवं प्रयोग के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डा. नन्द किशोर दधीच भी उपस्थित रहे, जिन्होंने व्याधि क्षमत्व एवं अग्नि के महत्व के विषय में बताया। कार्यक्रम में कालेज की छात्राओं श्रुति, मिलन, आयुषी, भूमिका, कनक द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक की प्रस्तुति की गयी। इस कार्यक्रम में डा. निशा रैना द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में डा. मनीषा, डा. भावना, डा. सुनीता, डा. बुशरा, डा. इमरान, डा. शुभ्रांग, डा. तेजेन्द्र, डा. गौरव, डा. अजीत कुमार, डा. शालिनी एवं अन्य कालेज स्टाफ द्वारा सहयोग किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डा. संतोष गुप्ता, डा. हिमांशु, डा. सुधांशु शर्मा, डा. नीरज शर्मा, डा. हिमांशु चौहान, डा. रवि प्रताप, डा. भूपेन्द्र चौधरी, डा. मीतूकान्त, डा. अर्जुन शर्मा, डा. अशोक चौधरी, डा. रूप सिंह, वैद्य भोजराज, वैद्य ठाकुर सिंह सोलंकी, डा. आशीष, डा. विपिन अरोड़ा, डा. अभिषेक, डा. धनप्रकाश शर्मा, डा. विपिन कुमार, डा. हरिओम, डा. खेमचन्द्र, डा. तपेश, डा. अरविन्द, डा. हिमांशु, डा. रामवीर, डा. महावीर सिंह, डा. विमल, डा. नृपेन्द्र, डा. नितिन एवं फैकल्टी सदस्यों में डा. सुमन, डा. मधुमिता, डा. पूनम अग्रवाल, डा. राजीव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। तड़के से ही महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया।

पारंपरिक पोशाक और गहनों से सजी-धजी विवाहित महिलाओं ने घरों और मंदिरों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु और खुशहाली की कामना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बावजूद सुहागिनों के चेहरे पर अद्भुत उल्लास झलकता रहा। जगह-जगह महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और पारंपरिक रीति अनुसार करवा चौथ की कथा सुनी। जैसे ही चाँद बादलों से निकल कर आसमान में झलका, महिलाओं ने छलनी से दर्शन कर चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित किया और पति के दर्शन के साथ व्रत खोला। पूरे दिन वातावरण भक्ति, प्रेम और पारिवारिक अपनत्व से सराबोर रहा। करवा चौथ का उत्साह बाजारों में भी साफ दिखा। मेहंदी, चूड़ी, साड़ी और पूजा सामग्री की दुकानों पर दिनभर महिलाओं की खरीदारियों से रौनक बनी रही

# थाना परिसर में विषैले सांप के निकलने से अफरा-तफरी



## पुलिसकर्मियों ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** थाना परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक विषैला सांप महिला कांस्टेबल के पैरों के पास से फुर्ती से निकल गया। इससे पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए एक बाल्टी की मदद से सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को जानकारों के मुताबिक पकड़ा गया सांप रसल वाइपर प्रजाति का था, जो अत्यधिक विषैला होता है। गनीमत रही कि सांप के निकलने से किसी को नुकसान नहीं पहुंचा।

थाना प्रशासन ने परिसर में सांप निकलने की घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा के इंतजामों को और मजबूत करने का निर्देश दिया है।

# आरबीडी में एड ऑन कोर्स का समापन



## प्रतिभागी छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज, चांदपुर के संयुक्त तत्वावधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'सोशल इश्यूज: कोसेज, कॉन्सेक्यूएंसेस एंड सॉल्यूशंस' विषयक छ: दिवसीय एड ऑन कोर्स के समापन दिवस आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के समाजशास्त्र विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरविंद सिरोही, गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज, चांदपुर की प्राचार्या प्रोफेसर साधना, प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजू चौधरी, सह समन्वयक श्रीमती अनु रानी, प्रवक्ता कु. साक्षी एवं श्रीमती शाइस्ता जमील के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता ने सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव विषय पर विस्तृत वक्तव्य दिया। सोशल मीडिया का समाज पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का गहरा प्रभाव पड़ता है, जिसमें संचार और सूचना का आसान प्रसार जैसे फायदे और मानसिक स्वास्थ्य, गलत सूचना के प्रसार और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं शामिल हैं। यह रचनात्मकता को बढ़ावा देता है, व्यवसायों को बढ़ाने में मदद करता है, और राजनीतिक सक्रियता का मंच बन सकता है, लेकिन चिंता, अवसाद और लत जैसी समस्याएं भी पैदा कर सकता है।

छ: दिवसीय एड ऑन कोर्स के समापन दिवस में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ एड ऑन कोर्स के पंचम दिवस हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कीर्ति, द्वितीय खुशी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली अमरीन और इकरा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर साधना ने ऐड ऑन कोर्स के आयोजन के लिए महाविद्यालय एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं प्रेषित की। बच्चों के भविष्य के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है। इसके पश्चात प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने छात्राओं को साधुवाद एवं आशीर्वाद दिया। इसी के साथ उन्होंने सभी वक्ताओं का आभार प्रकट किया कि वे अपना व्यस्ततम समय निकाल कर छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सह समन्वयक एवं समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रो डॉ. अनु रानी ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में श्रीमती शाइस्ता, कु. साक्षी, प्रताप सिकदार, कु. सीमाब, कु ऋतु सैनी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने एड ऑन में उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

## एक नजर

### पुलिया की टूटी अप्रोच से खतरा



**अफजलगढ़।** जसपुर मार्ग के तीव्र मोड़ पर एक दुर्घटना में नाले की पुलिया की टूटी अप्रोच के कारण हर समय दुर्घटना का भय बना हुआ है। विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। गौरतलब है कि जसपुर मार्ग पर रहमान मार्बल गोदाम के समीप तीव्र मोड़ पर स्थित नचना नदी के नाले में बीते रविवार आईजीएल कंपनी लिमिटेड काशीपुर से हरिद्वार कार्बन डाइऑक्साइड (काल्डिंग गैस) लेकर जा रहा एक टैंकर तीव्र गति से अनियंत्रित होकर पुलिया की अप्रोच तोड़ते हुए नाले में गिर गया था, जिसमें चालाक व परिचालक की मौत भी हो गई थीं। परंतु एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिया के अप्रोच की मरम्मत नहीं हुई। लगता है पीडब्लूडी के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को शायद किसी और बड़ी घटना का इंतजार है। उक्त अफजलगढ़ जसपुर मार्ग पर चौबीसों घंटे यात्री वाहनों, मालवाहक ट्रकों, बस, कार व दो पहिया वाहनों आदि का आवागमन होता है। जिसके चलते पुलिया की अप्रोच टूट जाने के कारण दुर्घटना का भय बना हुआ है।

### विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन



**धामपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशनल-प्रोफेशनल स्टडीज में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विषय विशेषज्ञ बृजेश कुमार भाटिया एवं कुमारी वंशिका यादव ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने करियर से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार पूर्वक समाधान किया। यह सेमिनार विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों ने उपहार और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने विषय विशेषज्ञों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. ममता सिंह विद्यार्थियों को इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के समस्त फैकेल्टी चंचल सैनी, हिमांशु कुमार आदि सहित समस्त स्टाफ शामिल रहा।

### नशीला पदार्थ बेचने का आरोप



**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के ग्राम जालपुर के जाहिद मलिक, बलवीर सिंह, राशिद, खुर्शीद, जयपाल सिंह, ओमपाल, पीतम सिंह, सौपाल, फरमान आदि नांगल थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी कि उनके गांव के तीन व्यक्ति गांव में सुल्फा, गांजा बेचकर नवयुवकों को नशे की ओर धकेल रहे है। इसके साथ ही अपने मकान की छत पर बैठकर शराब पीकर गाली गलौच करते है। ग्रामीणों के समझाने मारपीट पर उतारू हो जाते है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस से कार्रवाई करते हुए तहरीर सौंपी है। ट्रेनी सीओ कुलदीप सिंह ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### मुस्लिम फंड कालेज में जागरूकता कार्यक्रम



**शेरकोट।** मुस्लिम फंड गर्ल्स कॉलेज में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार और उनकी टीम ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लगभग 50 बालिकाओं ने भाग लिया और दौड़ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 13 बालिकाओं को मेडल वितरित किए गए। कार्यक्रम में बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 शामिल हैं। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल नूर अफसा और क्लर्क मनीष कुमार रस्तोगी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया



**नहटौर।** डीएम के आदेश पर नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो स्थानों से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। सराय काजियान के पास खसरा नंबर 344 में जिसका क्षेत्रफल लगभग 1000 वर्ग मीटर है। उस पर अवैध कब्जेदारों को हटाकर कब्जा लिया गया। इस भूमि पर एफएसटीएफ का निर्माण किया जाएगा। इसके पश्चात नगर क्षेत्र में मौहल्ला नया बाजार में स्थित आबादी की सरकारी भूमि एवं तालाब पर खंबे गाड़कर कब्जा लिया गया। इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा वाद न्यायालय में दायर किया गया था। जिसमें निकाय द्वारा प्रभावी पैरवी की गई थी। उसके बाद यह कार्रवाई की गई। इस मौके पर नगर पालिका के ईओ ओम गिरी, राजस्व विभाग के कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, रमेश चंद्र, विशेष उपाध्याय, सलीम अहमद, मौहम्मद अकरम आदि मौजूद रहे।

# मुत्तकी के आगमन पर सपा सांसद बोले अब किसे आनी चाहिए शर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा को लेकर न केवल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हलचल मची है बल्कि देश के देश की राजनीति में भी नया विवाद खड़ा हो गया है। सपा के सांसद ने देवबंद और ताजमहल के दौरे को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला किया जबकि सरकार पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाकर सवाल खड़े किए है।

समाजवादी पार्टी के युवा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने अपने फेसबुक अकाउंट पर की गई पोस्ट में लिखा है कि तालिबान के मंत्री अमीर खान मुत्तकी को भारत सरकार खुद बुलाकर स्वागत करती है, तब कोई सवाल नहीं उठाता। लेकिन जब सम्भल के सांसद दिवंगत डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने तालिबान पर

**○ पूर्व में दिवंगत सांसद के बयान पर दर्ज हुई थी देशद्रोह की धाराओं में रिपोर्ट**

बयान दिया था, तब योगी सरकार ने कहा था कि उन्हें शर्म आनी चाहिए और रिपोर्ट भी दर्ज करा दी थी, लेकिन अब वही तालिबान मंत्री देवबंद गए। जिस पर योगी सरकार उन्हें सुरक्षा दी तो अब किसे शर्म आनी चाहिए और किसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होगी। सांसद जियाउर्रहमान बक के बर्क के बयान ने सोशल मीडिया पर एक ऐंसी बहस छेड़ दी है जिसे लेकर सरकार पर विपक्षी दलों के नेता दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगा रहे हैं। बता दें कि पूर्व में सपा के दिवंगत सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के खिलाफ देशद्रोह धाराओं में इसलिए मुकदमा दर्ज किया गया था,क्योंकि उन्होंने तालिबान को लेकर एक बयान दिया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि उन्हें शर्म आनी चाहिए। अब तालिबान के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर हैं और सरकार ने उनका स्वागत किया।

# किसान खाद की किल्लत से परेशान

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र कृषि प्रधान है इसको सब जानते हैं और मानते भी हैं फिर क्या कारण है कि फसल गेंहू, धान, गन्ना, आलू, बाजरा, मक्का, दलहन और तिलहन कोई भी फसल को समय से खाद की पूर्ति नहीं होती। इसकी किल्लत रहती है।
किसान को होने वाली खाद की किल्लत पर निगाह डाले तो ऐसा लगता है उपर से खाद आ रही है लेकिन किसान की जगह उन माफियाओं के गोदामो में जा रही है जो मनमाना मूल्य मिलने पर किसान को खाद उपलब्ध कराने

**○समितियां भी नहीं कर पा रही समस्याओं का समाधान**

का रास्ता जानते हैं और उन खाद माफियाओं की तरफ कोई नहीं देख रहा है। ऐसा लग रहा है कि किसानों को खाद उपलब्ध कराने वाली समितियां भी समस्या समाधान नहीं कर पा रही हैं। किसान किशनपाल, सुरेश कुमार ने बताया कि जिम्मेदार इस ओर से मूकदर्शक बने हैं। उनको खाद की किल्लत दिखाई नहीं दे रही। कोई यह पूछने का तैयार नहीं हैं कि उपर से खाद आ रही है तो किसानों को क्यों नहीं मिल रही और माफियाओं को खाद कहां से मिल रही है।



सम्भल- कल्कि महोत्सव में लाभार्थी महिला को चैक देते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह।

# आवारा कुत्तों ने मासूमों को नोचकर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी आवारा कुत्तों का आतंक निरंतर बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जबकि आवारा कुत्ते मासूमों को हमला कर मरणासन्न हालत में पहुंचा रहे हैं। शनिवार को आवारा कुत्तो ने रायसत्ती थाना क्षेत्र के ग्राम सदीरनपुर में एक आठ साल के मासूम पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने मासूम को जगह-जगह से नोंचकर बुरी तरह लहूलुहान कर दियसा जबकि सर का भेजा भी निकाल दिया। उसे चिंता जनक हालत में मरेठ के लिए रेफर किया गया है। जबकि नखासा कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर में आवारा कुत्तों ने तीन बच्चों पर हमला किया। हमलावर कुत्तों ने तीनों मासूमों को बुरी तरह काटकर घायल कर दिया। घायल बालकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# कृषि अपशिष्ट जलने से मिट्टी के पोषक तत्वों को होती है अत्याधिक क्षति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेजीडयू योजना के तहत फसल जलाने से हाने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जिला स्तरीय जागरूकता अभियान पराली प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बड़ा मैदान बहजोइ पर चल रहे कल्कि महोत्सव/विकोत्सव के छठे दिन मुख्य अतिथि पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधानों, कृषकों और लखपति दीदी आदि जनमानस से पराली एवं अन्य कृषिअपशिष्ट न जलाये जाने की अपील की। उन्होने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, गौ पालन, मुर्गीपालन, बकरी पालन तथा लघु शुपालन के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी

**○कल्कि महोत्सव में पशुधन मंत्री ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी**

प्रदान की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने अवगत बकराते हुए कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष आदि को जलाना निष्धि किया है। पराली जलाने से पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती है, जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होती है। जिसके कारण वातावण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जबकि मृदा में उपस्थित लाभदायक मित्र कीट होते हैं, जो जलकर मर जाते है। साथ ही पशुओं के चारे की व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा अगल-बगल में खेतों मे खड़ी पुसल अथवा आबादी में अग्निकांड होने की सम्भावना बनी रहती है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत की बैठकों का आयोजन करके ग्राम वासियों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुषपरिणामें से अवगत कराते हुए फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूण नियंत्रण रखने की अपील की। उप कृषि निदेशक ने पराली प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार प्रदूषण की रोकथाम किया जाना अनिवार्य है। पराली व अन्य कृषि अपशिष्टों करे जलाने से वातावरण प्रदूषि होने के साथ मिटटी के पोषक तत्वों की अत्याधिक क्षति होती है।

# खाद्य सुरक्षा प्रर्वतन दल ने एकत्र किए नमूने

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज पर्व पर मिलावट खोरों पर शिकंजा कसा जाने लगा है। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मिलावटी सामान की बिक्री रोकने को चलाये जा रहे अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रवर्तन दल ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। टीम ने मिलावट का सन्देह होने पर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेज गए। प्रर्वतन दल ने सिरसी स्थित इकरार के प्रतिठान से खाद्य पदार्थ-सरसों का तेल के नमूने एकत्र किये। जबकि अशरफ के प्रतिठान से खाद्य पदार्थ-सरसों का तेल का नमूना लिया। इसके अलावा जनेटा स्थित पप्पू मलिक एवं असलम के कोल्हू से खाद्य पदार्थ व गुड के नमने लिए गए। मंडी के पास गुमथल तिराहा चन्दौसी पर बदायूं से एक टैंपो में प्लास्टिक के तीन ड्रम में ले जा रहे लगभग 130 किलोग्राम पनीर के मिलावटी होने के संदेह पर नमूना जांच हेतु लिया गया।जबकि पनीर 200-220 रुपए प्रति किलो के दर से चंदौसी में लाया जा रहा था। पनीर की गुणवत्ता बहुत निम्न होने की पुष्टि होने पर विभागीय टीम ने शेष पनीर को नष्ट कराया।

# गौस पाक के उर्स में उमड़े अकीदत मंदों ने की दुआ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गौसे पाक के सालाना उर्स का परम्परागत रस्मों व अकीदत के साथ समापन हो गया। कुल शरीफ मे अमन शांति व भाईचारे के लिए दुआ की गई।

नगर के मौहल्ला चमन सराय शेर खां सराय स्थित दरगाह हजरत मियां मीरन शाह मे पीराने पीर दस्तगीर रौशन जमीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस पाक के सालाना उर्स के अंतिम दिन महफिले कव्वाली का आयोजन किया गया। दोपहर को लंगर जबकि रात को बाद नमाजे ईशा महफिले कव्वाली मे रईस झंकार कव्वाल ने नाते पाक पेश करते हुए गौस पाक की शान मे सूफियाना कलाम पेश कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात चले कार्यक्रम के बाद सुबह बाद नमाजे फज्र कुल शरीफ की महफिल का आयोजन हुआ। इमामे ईदगाह सम्भल हजरत मौलाना जहीरूल इस्लाम ने मुल्क व शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ कराई। सैकड़ों हाथ दुआ के लिए उठे। कुल शरीफ के बाद अकीदतमन्दों मे तर्बरूक बांटा गया। इस मौके पर मौलाना फैजुल इस्लाम, डा. लियाकत अली, जब्बार एडवोकेट, गय्यूर अहमद एडवोकेट, सरफराज नवाज एडवोकेट, मौहम्मद नवाज एडवोकेट, रूवैद आलम उर्फ बब्लू, जकी खां साबरी, भूरा पहलवान साबरी, मौ. अकीब, फहीम मसूदी, अब्दुल्ला, काशिफ, आलिम आदि मौजूद रहे।जबकि नगर के मोहल्ला फतेहल्लाह सराय स्थित दरगाह गोसे पाक रहमतुल्ला अलैह के झंडे पर परंपरागत रूप से 17 वीं शरीफ पर लगने वाले दो दिवसीय उर्स के आखिरी दिन हजारों की तादाद में अकीदतमंदों ने गौसे पाक के झंडे पर हाजिरी देकर घर परिवार और देश दुनिया में अमनो-अमान एवं तरक्की की दुआ मांगी। दूसरी ओर मिलाद के साथ लंगर व कुरान ख्वानी का भी आयोजन किया गया। उर्स कमेटी व दरगाह के सदर मरहूम मौहम्मद अकील के बेटे ताबिश खान ने बताया कि सैकड़ो साल से गौस पाक के झंडे पर उर्स शरीफ होता चला आ रहा है और उसमें सम्भल के अलावा दूर-दराज से जायरीन आकर हाजिरी देते हैं। जबकि 2 दिन तक लंगर चलता है।शनिवार की सुबह कुल शरीफ का समापन किया गया। इस दौरान मलंगों का अखाड़ा हुआ जिसमे अली मौला, दम मदार बेड़ा पार के नारे गूंज उठे। इस मौके पर मोहम्मद ताबिश, नबील अहमद, हाजी शहजाद, अथर, शहरोज अनवर, सरताज आदि मौजूद रहे।



सम्भल- मिया मीरन शाह दरगाह में गौस पाक के उर्स में अमन की दुआ मांगते अकीदतमंद

# कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन योजना में जिले ने फिर मारी बाज़ी

**○मुख्यमंत्री डेशबोर्ड से जारी रिपोर्ट में मिला पहला स्थान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में विकास से सम्बंधित मुख्यमंत्री के डेशबोर्ड पर जारी रिपोर्ट में जनपद ने एक बार फिर से बाज़ी मारी है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान पाया है। जिसकी जिलाधिकारी ने प्रशंसा की।

जनपद का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय, माह सिंतबर 2024 में तृतीय, माह अक्टूबर 2024 में प्रथम, माह नवम्बर 2024 में द्वितीय, माह दिसम्बर 2024 में प्रथम, माह जनवरी 2025 में प्रथम, माह फरवरी 2025 में प्रथम, माह मार्च 2025 में द्वितीय, माह अप्रैल 2025 में प्रथम, माह मई 2025 में प्रथम, माह जून 2025 में प्रथम, माह जुलाई 2025 में प्रथम, माह अगस्त 2025 में प्रथम, सितंबर 2025 में भी पहला स्थान रहा हैं, इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत जनपद ने माह मार्च 2025 में प्रदेश में प्रथम, माह अप्रैल 2025 में प्रथम, माह मई 2025 में प्रथम, माह जून 2025 में प्रथम, जुलाई 2025 में प्रथम ,अगस्त 2025 मैं प्रथम एवं सिंतबर 2025 में भी पहला स्थान/रैंक प्राप्त किया हैं। जिलाधकारी ने पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ मिल सके इसके लिए योजना के क्रियान्वयन से जुड़े सभी अधिकारियों, उपजिलाधिकारियो, जिले के सभी खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओं/महिलाओं का आवेदन कराते हुए उन पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## एक नज़र इधर भी



असमोली-मिशन शक्ति अभियान में दौ प्रतियोगिता कराते सीओ असमोली।

### दौड़ प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक किया प्रतिभाग

**असमोली( शाह टाइम्स, संवाददाता )।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। असमोली पुलिस क्षेत्राधिकारी के कार्यालय के निकट आयोजित दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं छात्राओं में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता तथा शारीरिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। दौड़ प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी असमोली व प्रभारी निरीक्षक असमोली ने छात्राओं को सशक्तिकरण, सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1098 आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### काउसंलरों के प्रयासों से रूठे परिवार हुए एक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक में रूठे दम्पत्तियों को काउंसलरों के प्रयासों से एक कराया।

बहजोई के मंडी समिति पुलिस लाइन स्थित केन्द्र पर आयोजित बैठक सेल प्रभारी डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया। बैठक में कुल 145 पत्रावली सुनकर 41 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जबकि 13 परिवारों को मिलाया गया तथा 9 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 19 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी, कांस्टेबल शहजाद मलिक, रश्मि गहलोत, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### हमास-इजरायल युद्धविराम के प्रयास प्रशंसनीय

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जितेन्द्र वर्मा समाज कल्याण समिति की बैठक में हमास और इजरायल के बीच हुए युद्व विराम पर हष जताया। समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि भारत के प्रणनमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा शांति बनाये रखने में विश्व शांति के प्रयास किये है। उन्होने कहा कि इजरायल गाजा के दोनों और से बंदी बनाये गए सैनिकों व नागरिकों को रिहा करने पर दोनो देशों में सहमति जतायी है जो प्रशंसनीय है। इसके लिए पीएम मोदी के प्रयासों में अदा की गई भेमिका भी प्रशंसा की।



बबराला- सपा संरक्षक की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि करती पूर्व जिप अध्यक्षा।

### पूर्व रक्षामंत्री को किया याद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** समाज वादी पार्टी के संस्थापक भारत के पूर्व रक्षामंत्री उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्वांजलि दी गई। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति यादव ने कहा कि गुन्नौर क्षेत्र का विकास नेताजी मुलायम सिंह यादव ने किया।उनके क्षेत्र से चुनाव लड़ने के बाद गुन्नौर क्षेत्र में कई कॉलेज, बिजली घर, सड़कें,बस स्टैंड आदि कार्य हुए।हम उनको नमन करते हैं। हम सभी की जिम्मेदारी पार्टी को मजबूत करना है। सपा नेता पप्पू यादव व पुष्पेन्द्र उर्फ चिंटू यादव नें कहा कि नेताजी की वजह से हम लोगों की पहचान है। श्रृद्वांजलि के रूप में हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कैरियर गाइडेंस सत्र का आयोजन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** श्री साईं इंटर कॉलेज चिरौली भगवंतपुर में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं कैरियर गाइडेंस सत्र का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।जबकि कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

# बालिकाओं को मिले पूर्ण रूप से सुरक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** अंतर्राष्टीय बालिका दिवस मनाने से कुछ नहीं होगा। जब तक बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व् भेदभाव से छुटकारा नहीं मिलेगा। बालिकाएं सुरक्षित नहीं है।बालिकाओं पर अत्याचार हो रहा है। उनके साथ भेदभाव होता है। केवल समान अधिकार की बात कहकर काम नहीं होगा।
पूजा गोयल ने कहा कि समाज का आधार और अस्तित्व बालिकाओं के कारण है। बालिकाओं की इज्जत होनी चाहिए। उन्हें सम्मान अवसर प्रदान करना चाहिए ।जिससे उनकी छुपी हुई प्रतिभा सामने आ सके। सलोनी वार्ष्णेय ने कहा कि बालिकाएं जागरुक होकर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आए। बालिकाओं को आक्रमकता लानी होगी ताकि कोई उन्हें अबला न समझे। तभी अत्याचारों का अंत होगा। ममता राजपूत ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव व कन्या भ्रूण हत्या समाप्त होनी चाहिए। हालात बदल रहे हैं लेकिन गति धीमी है। शिक्षा बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा रही है। सुधा गौतम ने कहा कि शिक्षित बालिकाएं बुराइयों से लड़ने में सक्षम है। आज वह प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं केवल उनकी सुरक्षा बेहतर करने की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण समय की मांग है।



## महिला सशक्तिकरण पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एमजीएम पीजी कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विकसित भारत में महिलाओं की भागीदारी पर आयोजित प्रतियोगिता में प्राचार्य प्रो. डा. योगेंद्र सिंह ने छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि हमें अपने माता-पिता का नाम ऊंचा करना चाहिए ,हमें कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे कि हमारे माता-पिता को हम पर शर्मिंदगी महसूस हो।

# देश में समाजवादी की स्थापना करना चाहते थे लोहिया

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवाद के पुरोधा लोकनायक जय प्रकाश नारायण को जयंती पर याद किया और श्रृद्वा सुमन अर्पित कर भाजपा सरकार को हटाकर देश प्रदेश में समाजवादी सरकारें लाने का काम करने संकल्प लिया गया।

जिलाधिकारी कार्यालय के निकट सपा के कैम्प कार्यालयपर आयोजित बैठक में समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण के चित्र पर जिला अध्यक्ष जिला महासचिव एवं पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्र्यापण कर याद किया। बैठकमें जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा कि समाजवादी नेता स्वतंत्रता सेनानी राजनेता लोकनायक जयप्रकाश ने 1970 में आपातकाल में विपक्ष का नेतृत्व किया। उन्होंने संपूर्ण क्रांति आंदोलन चलाया। उन्होंने सरकार के खिलाफ लगातार संघर्ष किया क्योंकि वह देश में समाजवाद की स्थापना करना चाहते थे। उन्होने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर संकल्प लेकर समाजवादी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में संघर्ष कर भाजपा सरकार को हटा कर देश प्रदेश में समाजवादी सरकार लाने का काम करने पर ज़ोर दिया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने कहा समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण का संघर्ष हमेशा वंचित दलित अल्पसंख्यक गरीबों कमजोर लोगों के साथ रहा। उन्होंने समय-समय पर देश और जनता के लिए आंदोलन किये बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव जिला उपाध्यक्ष शोभित कुमार काका जिला सचिव निसार अहमद नगर अध्यक्ष सदाम कुरेशी जिला अध्यक्ष प्रबुध सभा कमल शर्मा जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी मनोज शर्मा नगर अध्यक्ष व्यापार सभा चेतन गुप्ता आसिफ इकबाल पतीक नानू रवि शंखधार शिवम यादव बबन मौर्य तसलीमहाजी तसदुक सिरसी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से मिलेंगे रोज़गार के अवसर



असमोली-हसन मोटस का फीता काटकर उद्घाटन करते कांग्रेस के पूव प्रत्याशी।

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** असमोली मे विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं एआईसीसी सदस्य ने हसन मोटर्स का फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी हाजी मरगूब आलम ने कहा कि ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे और स्थानीय विकास को गति देंगे। उन्होंने हसन मोटर्स के मालिकों को की प्रशंसा करते हुए हुए कहा कि ईमानदारी और विश्वास के साथ किया गया कार्य अवश्य सफल होता है। स्थानीय लोगों ने हसन मोटर्स की शुरुआत पर खुशी जताते हुए कहा कि अब वाहन संबंधी सुविधाएं क्षेत्र में ही आसानी से उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पूर्व विधानसभा प्रत्याशी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक सम्मानित लोग मौजूद रहे। जिनमें अजीब पाशा, रशीद पाशा, डा. मुनजीर, इसरार मालिक, मुस्तफा, मोहम्मद अय्यूब, हाजी अंसार हुसैन उर्फ मुन्ने और हाजी मुस्लिम मुर्तजा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# लैंगिक समानता रैली निकालकर किया जागरूक



सम्भल- कैलादेवी में लैंकिग समानता रैली निकालती स्कूली छात्राएं।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण में छात्राओं कोसाइबर अपराध तथा हेल्पलाइन नंबर और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कैला देवी के बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज व मां कैला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को जागरुक करते हुए रैली का आयोजन किया। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी तथा मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक आंचल सिद्धू के नेतृत्व में छात्राओं ने महिला उत्पीड़न घरेलू हिंसा साइबर अपराध से बचने तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु रैली का आयोजन किया। रैली में महिलाओं तथा बालिकाओं और जनमानस को जागरुक करते हुए स्वास्थ्य के बारे में भी जागरूक किया तथा मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई लैंगिक समानता के बारे में जानकारी दी गई। बरेली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के साथ महिलाओं के अधिकारों, समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने हेतु शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेधतथा बाल श्रम अपराध और लैंगिक समानता रैली निकालकर जागरूक किया।

# धर्मांतरण के विरोध में हिन्दू संगठनों ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देशभर में तेजी से बढ़ रहे धर्मांतरण के मामलों के विरोध में शनिवार को मुरादाबाद में हिन्दू संगठनों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अंबेडकर पार्क में बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के सदस्य और विभिन्न हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता एकत्र होकर धर्मांतरण के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों के हाथों में "धर्मांतरण बंद करो" और "भारत की संस्कृति बचाओ" जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं।प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वाल्मीकि समाज में तेजी से हो रहे धर्मांतरण से समाज में असंतोष बढ़ रहा है, जो देश की एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठनों द्वारा लालच और प्रलोभन देकर लोगों को धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि धर्मांतरण कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं भारत की संस्कृति और सनातन परंपराओं पर सीधा हमला हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से इस पर सख्त रुख अपनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने अंबेडकर पार्क से रैली निकालकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए डीएम कार्यालय तक मार्च किया।डीएम कार्यालय पहुंचकर सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।



प्रदर्शन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।हिन्दू संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने धर्मांतरण रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता की लड़ाई है, जिसमें समाज का हर व्यक्ति शामिल होगा।

## 13 से लगेगा सात दिवसीय माटीकला मेला

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर जनपद मुरादाबाद में ''07 दिवसीय क्षेत्रीय माटीकला मेला-2025'' दिनांक 13 अक्टूबर 2025 से 19 अक्टूबर 2025 तक स्थान-नुमाईस ग्राउंड, पंचायत भवन, परिसर, मुरादाबाद में आयोजन किया जा रहा है। माटीकला मेला-2025 में मण्डल के समस्त जनपदो के माटीकला शिल्पकारो द्वारा अपने मिट्टी से निर्मित उत्पादो का प्रदर्शन के साथ-साथ बिक्री भी की जायेगी। जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियो एवं नगर/क्षेत्र वासियों से अनुरोध है कि क्षेत्रीय माटीकला मेला-2025 में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भव्य माटीकला मेले के आयोजन का लुप्त उठाते हुए खरीदारी भी करे।

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट जमकर चले लाठी-डंडे, पथराव में आधा दर्जन घायल



**मूंढापांडे ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** थाना क्षेत्र के गांव में दो पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडों के बाद जमकर पथराव हुआ, मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर की रहने वाली राजो देवी ने बताया कि कुंवरपाल, नरेशपाल आए दिन शराब पीकर घर के दरवाजे पर आकर मां बहन की गालियां देते थे कई बार उनके परिवार वालों से शिकायत की पर उन्होंने नहीं समझाया शनिवार सुबह दोनों ने घर के दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी, और पथराव शुरू कर दिया, वहीं दूसरे पक्ष की रजनी देवी ने बताया कि बंटी, बनवारी, राकेश, कल्याण सिंह, कल्लू सिंह ने बच्चों के विवाद को लेकर हमारे घरों में पन्द्रह मिनट तक पथराव किया जिसमें तीन लोगों के चोटें आई हैं, दोनों पक्षों में पथराव की सूचना पर डायल112 पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों के लोगों को थाने ले गई, करनपुर चौकी प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि दोनों पक्ष के 20 लोगों का शांतिभंग में चालान किया और 10 लोगों का 151 में चालान किया गया है, दोनों पक्षों के लोगों के हल्की चोटें आई थी।

### पीसीएस परीक्षा को लेकर तैयारी मुकम्मल एसडीएम ने शिक्षकों की बैठक लेकर दिए निर्देश



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आज होने जा रही पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2025 को लेकर तहसील कांठ के मतदान केंद्रों पर तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। बतादे की कांठ में डीएसएम इंटर कॉलेज एवं उमरी कला के पब्लिक इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें एसडीएम संत दास पवार को डीएसएम इंटर कॉलेज का सेक्टर मैजिस्ट्रेट और भूमि संरक्षण अधिकारी योगेंद्र सिंह को पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कला का सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक पहली पारी में और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक दूसरी पारी में की जानी है दोनों पारियों में 384- 384 परीक्षार्थी भाग लेने वाले हैं परीक्षा की तैयारी को लेकर एसडीएम 2 दिन से व्यवस्था में लगे हुए हैं आज उन्होंने बिजली पानी सीसीटीवी कैमरे आदि जरूरी चीजों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी में लगने वाले अध्यापकों की बैठक लेकर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश भी दिए हैं।

### फावड़ा मारकर घायल करने के आरोपी का पुलिस ने किया चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** फाबडा मारकर घायल करने के आरोपी का पुलिस ने आज चालान कर दिया 9 अक्टूबर को उमरी कला निवासी हामिद का बेटा उमर कार से जा रहा था रास्ते में मुजफ्फर अजीम आदि उसे मिल गए गाड़ी निकालने के लिए उसने होरन बजाया तो चारों नाराज हो गए और गाली गलौज करनी शुरू कर दी इसका विरोध किया तो मुजफ्फर ने उमर के सिर पर फाबड़े से हमला कर दिया जिसमें उमर घायल हो गया लोग इकट्ठे हुए तो हमलावर गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए।



पीड़ित घायल को लेकर थाने आया और चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई पुलिस ने आज मुख्य आरोपी मुजफ्फर को गिरफ्तार कर लिया और संबंधित धारा में चालान कर दिया।

### जनपद में 13 केन्द्रों पर होगी पीसीएस परीक्षा, एआई रखेगा हर हरकत पर नजर

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर आज रविवार पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन होना है। प्रशासन ने परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए कड़े और हाई-टेक इंतजाम किए हैं।

इस बार परीक्षा में निगरानी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। परीक्षा केन्द्रों पर ऑडियो एनालिटिक्स और मूवमेंट डिटेक्शन से लैस आधुनिक कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे अभ्यर्थियों की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। यदि कोई परीक्षार्थी बार-बार सिर झुकाता है या संदिग्ध हरकत करता है, तो कैमरे फेशियल रिकग्निशन तकनीक के जरिए उसकी हर हरकत को रिकॉर्ड कर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को अलर्ट भेज देंगे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक चलेगी। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को सख्ती के साथ परीक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को दी गई सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन की जानकारी

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति-5.0 के तहत ग्राम रतनपुर मे थाना कुढ़फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक राजपाल, उपनिरीक्षक ओमवीर बालियान, हे0का0 विपिन, हे0का0 प्रीति, का0 उमाकांत द्वारा महिलाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 1090, हेल्प लाइन 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं० 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई व घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने, उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई और सभी की समस्याओं को पूछा गया तो कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

## विकसित भारत समर्थ उत्तर प्रदेश को लेकर उमरी कला नगर पंचायत में गोष्ठी आयोजित



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विक. सित भारत समर्थ उत्तर प्रदेश कार्यक्रम को लेकर अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देश से उमरी कला नगर पंचायत में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान ने सभी कर्मचारी और गोष्ठी में आए हुए लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी उन्होंने बताया कि सरकार ने 12 बिंदुओं पर आमजन से सुझाव मांगे हैं जिससे उत्तर प्रदेश को विकसित और समर्थ वान किया जा सके उन्होंने उन बिंदुओं का जिक्र करते हुए सभासदों से अपने-अपने सुझाव सरकार को ऑनलाइन प्रेषित करने को कहा। इस मौके पर सभासद उमरी कला का स्टाफ और सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे।

## कृषि प्रदर्शनी व किसान मेला के लिए बसों को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त कृषि निद. ेशक मंडल मुरादाबाद जीवन प्रकाश एवं उप कृषि निदेशक सन्तोष कुमार द्विवेदी द्वारा कृषकों की बस को हरी झंडी दिखा कर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय,पंतनगर मे आयोजित अखिल भारतीय कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेला मे 02 दिवसीय भ्रमण के लिए रवाना किया गया। बताते चले कि पंतनगर में दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भाग लेने के लिए किसानों को वहां पहुंचना है आज किसानों की बसों को पंतनगर के लिए रवाना किया गया।

डा. राजेन्द्र पाल ,जिला कृषि अधिकारी एवं श्री हर्षित चौहान उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ,सदर ,मुरादाबाद मौजूद रहे।



## परिवर्तन दी चेंज संस्था ने मनाया नौवां वार्षिकोत्सव आभार-2025

**मुरादाबाद।** समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था परिवर्तन दी चेंज ने अपने 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को आशियाना स्थित रेड सफायर होटल में भव्य वार्षिक उत्सव आभारख्र2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था ने वर्षभर की अपनी गति. विधियों और सामाजिक कार्यों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिव नाडर फाउंडेशन के एडल्ट लिटरेसी हेड विजय आनंद वर्मा मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हरवंश दीक्षित ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्था के चुनिंदा सदस्य "वालंटियर ऑफ द ईयर" उदय शर्मा को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पंथिनियों और प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम से जुड़ी बच्चियों ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। संस्था द्वारा अपने सोशल पार्टनर्स को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. विशेष गुप्ता, सीए अभिनव अग्रवाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गोपी कृष्ण, हेमंत जुनेजा, प्रज्ञा अग्रवाल तथा नगर संत धीर संत दास जी सहित शहर के अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार, उपाध्यक्ष हिमांशु सक्सेना, स्वस्ति सिंह, विवेक कुमार, आदित्य कुमार, प्रिंस कुमार सहित शाखाओं के पदाधिकारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## पुलिस ने बेगमपुर और मल्लीवाला गांव में घर-घर एवं स्कूलों में जाकर बताई सरकार की योजनाएं

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कांठ पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने आज बेगमपुर और मल्लीवाला गांव में जाकर घर-घर महिलाओं को सरकार की योजनाएं और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

बेगमपुर गांव के स्कूल में पहुंची टीम ने बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया पंपलेट वितरित कर उन्हें सरकार से मिलने वाली सहायता के बारे में बताया मल्लीवाला गांव के घरों में जाकर वूमेन पावर लाइन घरेलू हिंसा हेल्पलाइन पुलिस आपातकाल. ीन सेवा स्वास्थ्य सेवा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर चाइल्ड लाइन साइबर क्राइम आदि के बारे में जागरूक किया और कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और सरकार द्वारा चलाई जा रही योंजनाओ में भी अपनी पूरी भागीदारी करनी चाहिए। इस मौके पर काफी संख्या में महिला और छात्राएं मौजूद रही



## आशापुर कॉलोनी में फिर बढ़ने लगा नशे का कारोबार, आसपास के किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** आशापुर कॉलोनी में नशे के कारोबार ने फिर रफ्तार पकड़ ली है इससे आसपास के किसान काफी परेशान है लोगों ने पुलिस से इस कारोबार को पुन: बंद कराए जाने की मांग उठाई है।

बतादे की मुख्तियारपुर नवादा के पास स्थित आशापुर कॉलोनी पहले से ही देसी शराब बनाने के लिए मशहूर थी लेकिन कोरोना के समय से यहां सूखे नशे का कारोबार शुरू हो गया जिसकी वजह से आसपास जनपदों के लोगों ने यहां आना शुरू कर दिया और चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी इन मामलों को लेकर कई बार पुलिस से शिकायत की गई पुलिस ने शक्ति भी की लेकिन यह कारोबार बंद नही हो सका। पिछले दिनों नशेड़ियों ने स्कूल से आती जाती बच्चियों को रोकना शुरू किया तो अभिभावक नाराज हो गए और उन्होंने नशेड़ियों पर अपने स्तर से शक्ति करनी शुरू कर दी मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो वहां पुलिस को भी तैनात कर दिया गया। जिससे सुखे नशे के कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लग गया। आसपास गांव के लोगों ने राहत की सांस ली और किसानों ने भी इससे सुकून महसूस किया।

लेकिन अब फिर इस कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है नशेड़ी आसपास के गन्नो के खेत में बैठकर आग जलाकर इस नशे का उपयोग करते हैं। इससे गन्ने के खेतों में आग लगने का खतरा भी बढ़ गया है। यदि कोई किसान अकेला इन नशेड़ियों के पास जाकर विरोध करता है तो यह एकदम आक्रामक हो जाते हैं और जो भी उनके हाथ में होता है उसी से हमला कर देते हैं। इन मामलों के कारण एक और किसान अपनी फसल बचाने को लिए के लिए चिंतित है।

दूसरी और किसानों के खेतों में खड़े कृषि यंत्रों को भी इससे खतरा हो गया है किसान और आसपास गांव के लोगों ने एक बार फिर पुलिस से इस कारोबार पर शक्ति के साथ रोक लगाई जाने की मांग उठाई है।

## छात्राओं में जागरूकता और आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए हुई मैराथन दौड़

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत जनपद संभल में शनिवार को महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण-2025 के लिए इंटरैक्टिव मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं छात्राओं में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा की भावना और शारीरिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना था। दौड़ प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान आमजन ने मार्ग में खड़े होकर प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा की और उनका उत्साहवर्धन किया। छात्राओं को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि की जानकारी दी। साथ ही बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (घरेलू हिंसा), 112 (पुलिस आपातकाल. ीन सेवा), 102 और 108 (स्वास्थ्य सेवाएं), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन) और 1930 (साइबर क्राइम) के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। थाना चन्दौसी क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चन्दौसी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं की रैली एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई और शिक्षकों के सहयोग से महिला अधिकार, शिक्षा का महत्व, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम अपराध तथा लैंगिक समानता पर जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली के माध्यम से प्रतिभागियों ने संदेश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किया गया। यह अभियान केवल महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का भी माध्यम है।

## आईएफटीएम में 'मिशन शक्ति फेज-5' अभियान के अंतर्गत व्याख्यान व नाट्य मंचन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से शासन की ओर से चलाए जा रहे ''मिशन शक्ति फेज-5'' अभियान के अंतर्गत व्याख्यान एवं नाट्य मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.डी. शर्मा एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रिद्धि गर्ग द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण हमेशा से ही किसी राष्ट्र की सामा. जिक और आर्थिक प्रगति का केंद्र रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में जहाँ महिलाएँ लगभग आधी आबादी हैं, इसलिए समावेशी विकास के लिए उनकी भागीदारी और सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से विभिन्न परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में लड़कियों को तेजी से आगे बढ़ने को प्रदर्शित किया गया। साथ ही यह भी प्रदर्शित किया गया कि किसी समय लड़कियों को कमजोर समझा जाता था, किन्तु ये अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर आज हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर रही हैं। नाट्य मंचन में बी.एससी, (होमसाइंस) तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ईशा चहल, फरहीना, गोसिया, बी. ए-एलएलबी की छात्रा सदफ, एम.एससी, जूलॉजी, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रिया सिंह, मुस्कान मलिक, रंगोली, अदीबा, एवं बी.एस.सी. (जेडबीसी) पंचम सेमेस्टर के छात्र कुशल पाल



और मंजीत सिंह के सशक्त प्रदर्शन की सभी उपस्थितों ने जमकर तारीफ की। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. सिंह ने कहा कि आज लड़कियां शिक्षा, राजनीति और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त कर रही हैं। वहीं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रिद्धि गर्ग ने अपने वक्तव्य में महिला सशक्तिकरण से संबंधित अनेक मुद्दों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार ने देश भर में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ही एक व्यापक पहल 'मिशन शक्ति' अभियान की शुरुआत की है। प्राणी विज्ञान विभाग की डॉ. अंशुल श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान में बताया कि मिशन शक्ति अभियान महिला कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है व महिलाओं को सुरक्षा तंत्र, कानूनी सहायता, आर्थिक सशक्तिकरण और जागरूकता प्रदान करता है। समाज में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए महिलाओं की भागीदारी नितांत आवश्यक है। डॉ. श्रीवास्तव ने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जिस समाज में महिलाओं को अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, वह समाज सच्ची लैंगिक समानता और सशक्तिकरण प्राप्त करने के करीब पहुंच सकता है। इस दौरान स्कूल की शिक्षिकाएं डॉ. स्मिता ज्योति, सुश्री संध्या शर्मा, डॉ. प्रशंसा, सुश्री पायल सिंह, डॉ. पूजा नारंग एवं सुश्री मीनू आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. सारिका अरोड़ा समेत स्कूल के कई अन्य शिक्षकों की विशेष भूमिका रही।


**महाराजा हरिश्चन्द्र (पी0जी0) कालेज, मुरादाबाद-244001 (उ0प्र0)**

**महाविद्यालय में निम्नलिखित स्थायी पद के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है**

**पुस्तकालय सहायक**-कुल पद 01 (अनारक्षित वर्ग-01)

**शैक्षणिक अर्हता**-शासनादेश सं०-19/2015/581/सत्तर-2-2015-16(645) 2011 दिनांक 03 नवम्बर 2015 के अनुरूप इण्टरमीडिएट तथा भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान में 6 माह का प्रमाण पत्र एवं डोएक (DOEACC)/ नाइलेट (NIELIT) द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र / सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।

**वेतनमान**-5200-20200, ग्रेड पे- रू 2000/-लेवल-3

**आयु सीमा**-दि. 01.11.2025. को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

अर्ह एवं इच्छुक अभ्यर्थी स्वहस्तलिखित अथवा टंकित आवेदन पत्र, फोटो सहित पूर्ण विवरण के साथ दो प्रतियों में PRINCIPAL M. H.(P. G.) COLLEGE MORADABAD के नाम से मुरादाबाद में देय डिमांड ड्राफ्ट 300/-रू० शुल्क एवं हार्ड कॉपी के साथ Principal Maharaja Harishchandra (P.G.) College Moradabad-244001 को केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 01 11.2025 तक महाविद्यालय कार्यालय में हर दशा में प्राप्त हो जाने चाहिए इसके बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

साक्षात्कार दिनांक 03/11/2025 दिन सोमवार प्रात: 10:00 बजे से महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। यात्रा या अन्य कोइ भत्ता देय नहीं होगा। -प्राचार्य/सचिव

# तेज रफ्तार बाइक ने पैदल टहल रहे लोगों को रौंदा, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के शाहबाद रोड अस्पताल के पास सड़क पर पैदल टहल रहे लोगों को तेज रफ्तार बाइक ने रौंद डाला। इस हादसे में पैदल चल रहे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चला।

हादसे की सूचना पर भारी भीड़ जुट गई, घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टरों ने एक को अमृत घोषित कर दिया। हादसा बीती रात 9:30 बजे का है, शाहबाद रोड चौराहे पर अस्पताल के पास बिलारी निवासी इरशाद पुत्र नन्हे व आसिफ पुत्र बाबू पैदल टहल रहे थे। इसी बीच बिलारी दिशा की ओर से आई तेज रफ्तार बाइक में दोनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में पैदल चल रहे आसिफ पुत्र बाबू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इरशाद मामूली घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने आसिफ को मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतक आसिफ अविवाहित था और मजदूरी किया करता था।

पुलिस ने सब का पंचनामा पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## पुरानी लाइन बदले जाने की वजह से बाधित रहेगी बिजली

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर में टाउन टू के उपभोक्ताओं के लिए बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र के टाउन टू फीडर पर नगर निकाय योजना के तहत पुरानी जर्जर 11 केवीए लाइन को बदलकर नई 11 केवीए एक्सएलपीई केबल डालने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण टाउन टू फीडर की सप्लाई रात्रि 3 बजे से सवेरे 9 बजे तक 6 घंटे के लिए बाधित रहेगी। टाउन टू फीडर से ओम विहार, रोडवेज, चंद्र वाटिका कॉलोनी, कोतवाली, पोड़ाखेड़ा मंदिर, पुरानी तहसील, गुरुद्वारा, तिलक नगर,राजा बाग कॉलोनी, सराफा बाजार आंशिक की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता शिवम वार्ष्णेय ने दी।

# ब्लाक सभागार में हुआ सम्मान समारोह कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक सभागार में स्वास्थ्य विभाग की आशाओं और एएनएम एवं पंचायती राज विभाग के पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह रहे। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ने कुंदरकी ब्लॉक की आशाओ, एएनएम, पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही सभी कर्मचारियों को मिष्ठान, देसी घी और उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा और सुविधा का फायदा समुदाय तक पहुंचाने का काम आशा कर रही हैं। आपके कार्य और दायित्व अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।।सरकार की ओर से संचालित समस्त योजनाओं का फायदा जन मानस तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आप पर ही है। आपकी जागरूकता से मिशन को मजबूती मिली हैं। आज एक छत के नीचे गांव बालों को सभी योजनाओं का लाभ पंचायत सहायक अपने कंप्यूटर से दिला रहे है, अब ग्रामवासियों को योजनाओं में नामांकन के लिए अलग अलग कार्यालयों में नहीं घूमना पढ़ता है। हमारे रोजगार सेवक ग्रामीण विकास की रीढ़ माने जाते हैं। मनरेगा के जरिए गांव को चमकाने की जिम्मेदारी इन पर होती है। ये न सिर्फ श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराते हैं बल्कि अपने जॉब चार्ट से इतर ग्रामीण विकास से जुड़े तमाम सर्वे भी करते हैं। सही मायने में आप सभी गांव में सरकार के प्रतिनिधि है। इस अवसर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, मेंहदी हसन, खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ, आलोक चौधरी, नवनीत धारीवाल, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव, राजवीर सैनी, यादराम पाल, अरविंद ठाकुर, संजय दिवाकर, बृजेश, विनेश ठाकुर, रामकिशोर लोधी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कृषि गोष्ठी के दौरान महिला सुरक्षा पुलिस टीम ने साइबर क्राइम के बारे में दी जानकारी



**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा कृषि विभाग की टीम के सहयोग से ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर मे महिलाओ , किसानों व आमजन के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान लोगो कृषि संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी व टीम महिला सुरक्षा 13 ठाकुरद्वारा द्वारा साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना आदि तथा विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन जैसेरू- 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 102, स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम , कॉन्स्टेबल गौरव कुमार , कांस्टेबल रवि सैनी शामिल रहे।

### भगवान श्रीकृष्णा द्वारा कालिया नाग का नाथन की मनोहर कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन धर्म, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथावाचक पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के पावन जन्म से लेकर घनघोर वर्षा के बीच वासुदेव द्वारा यमुना पार कर शिशु स्वरूप कृष्ण को गोकुल पहुंचाने की दिव्य लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही कथा में वासुदेव की गोद में बालकृष्ण का रूप आया और यमुना की गर्जना के बीच शेषनाग की छत्रछाया का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'जय श्रीकृष्ण' के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर श्रीकृष्ण लीलाओं में खो गए। कथावाचक ने बालकृष्ण के जन्म की दिव्यता, मथुरा से गोकुल तक की यात्रा और भगवान की लीलाओं को आत्मा से जोड़ते हुए कहा कि यह केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मा के परमात्मा से मिलने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म केवल कंस के अंत के लिए नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश है। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है। ग्रामीणजन प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। महिला-पुरुष, युवा और बच्चे श्रद्धा भाव से कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा के समापन पर आरती व प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में धर्मेंद्र चौहान, अनुज चौहान, अनिल शर्मा, हरकेश सिंह, दीपू शर्मा, शोभित शर्मा, प्रेमलता, पुष्पा देवी, ममता देवी, शशि देवी, मनोज वाला, निशा रानी आदि मौजूद रहे।

### सुन्दरम कॉलोनी में सड़क, पानी और बिजली की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मोहल्ला अम्बेडकर वार्ड नं०-1 स्थित सुन्दरम कॉलोनी दर्जनों निवासियों ने कॉलोनी की जर्जर व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने सड़क, पानी, बिजली व स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला अम्बेडकर वार्ड 01 सुन्दरम कालोनी निवासियों ने बताया कि सुन्दरम कॉलोनी नगर पालिका क्षेत्र से सटी हुई है और यहां पर घनी आबादी निवास कर रही है, फिर भी बरसात के समय कॉलोनी में आने-जाने के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं है। पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि नगर पालिका परिषद इस क्षेत्र से हाउस टैक्स वसूलती है और ग्राम फरीदनगर व ब्लॉक ठाकुरद्वारा से एन.ओ.सी. भी प्राप्त कर चुकी है, बावजूद इसके अब तक सड़क व लाइटों का कार्य नहीं कराया गया है। कालौनी निवासियों ने आरोप लगाया कि विलाल मस्जिद क्षेत्र, जो फरीदनगर में आता है, वहाँ 40 फीट चौड़ी सड़क व पालिका की स्ट्रीट लाइटें लगा दी गई हैं, जबकि सुन्दरम कॉलोनी को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया है। कालोनी निवासियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सुन्दरम कॉलोनी में पक्का रास्ता, पानी निकासी की व्यवस्था तथा सड़क लाइटें लगवाने के निर्देश नगर पालिका परिषद को दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन पर , अरविन्द कुमार शर्मा, प्रदीप पाल, नितिन नायक, धीप सिंह, रामपाल, संजय कुमार, मुनेश कुमार, रामबहादुर, बाबू जाटव, राजवाली आदि के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

### डेटिंग एप के झांसे में फंसकर दो युवकों से लूट, चार आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** डेटिंग एप के जरिए एक हनी ट्रैप का शिकार बने दो युवकों से रुपये और मोबाइल फोन लूट लिए गए। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के जसपुर और ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज गांव के निवासी चार आरोपियों ने डेटिंग एप पर फर्जी अकाउंट बनाकर सुंदर युवतियों की तस्वीरें भेजीं। इसके बाद उन्होंने बोवदवाला (ठाकुरद्वारा) और स्योहारा (जनपद बिजनौर) के दो युवकों को झांसा देकर यह कहकर बुलाया कि उन्हें युवतियों से मिलने और संबंध बनाने का मौका मिलेगा। आरोपियों ने दोनों युवकों को रमनावाला रोड स्थित मकान में ले जाकर पीटा और हजारों रुपये व मोबाइल फोन लूट लिए। पीड़ितों ने भागकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल उनसे पूछताछ जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

### सम्पूर्ण थाना दिवस में दो फरियादियों ने पहुंचकर दर्ज कराई अपनी शिकायत

**ठाकुरद्वारा ।** सम्पूर्ण थाना दिवस का कोतवाली परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें 2 फरियादियों ने पहुच कर के अपनी दर्ज कराते हुए निस्तारण की मांग की है। जिसमें मौके पर कोई शिकायत का निस्तारण नही हुआ।

शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इसमें दो फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अगवत कराते हुए समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। जिसमें मौके पर कोई निस्तारण नही किया गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल सिंह, सहित क्षेत्र के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### किसानों ने पीएम धन धान्य कृषि योजना के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को कृषि विज्ञान केंद्र पर देखा

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर पी एम धन धान्य कृषि योजना के सजीव प्रसारण को केंद्र पर कृषकों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के पांच मुख्य उद्धेश्य है। कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना, तीसरा पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल-उपरांत भंडारण क्षमता बढ़ाना, विश्वसनीय जल पहुंच के लिए सिंचाई बुनियादी ढांचे में सुधार करना और पांचवां उद्धेश्य है कि किसानों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक कृषि ऋण तक अधिक पहुंच को सक्षम बनाना। कार्यक्रम को देखने आए किसानों का केंद्र के प्रभारी अधिकारी, डॉ रवीन्द्र कुमार द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिकों के अलावा गन्ना शोध केंद्र, काशीपुर के निदेशक डॉ संजय कुमार सिंह ने किसानों को नवीन गन्ना प्रजाति , एवम गन्ना उत्पादन से जुड़ी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त के अलावा ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर के ग्राम प्रधान पति रिफाकत अली, कृषि विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ राम गोपाल सिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी ओमगिरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में गार्गी रानी, रूपेश रानी, शीतल, निशा, अंजू, हिमानी, गुरमीत, गुरप्रीत, ब्रह्मपाल, रामकुमार, सलमान रजा, मोहम्मद यूनुस, रामनाथ ,पुष्पराज यादव, व दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सपा ने लोकनायक जय प्रकाश नारायण की मनाई जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय मकबरा पर लोकनायक जय प्रकाश नारायन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके विचारों पर चर्चा की गई ।महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी जी ने विस्तार पूर्वक इनके बारे में बताया , और इनके विचारों पर चलने के लिए कहा ।इस अवसर पर सलीम वारसी,लालू परवेज,तरून गुप्ता,साजिद नबी,शोबित अग्रवाल, दाउद खान, नाजिम अंसारी,डॉ आसिम, हसन सलमानी, राशिद हुसैन, अकरम अंसारी, सरताज अंसारी, मुफीद, मुशरफ चौधरी ,अरबाज खान,जाहिद अंसारी, असफाक अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन महानगर महासचिव गजेन्द्र सिंह यादव व अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इकघ्बाल हुसैन अंसारी ने की।

# ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन अलर्ट, कल होगी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सूरजनगर रोड स्थित ब्लॉक परिसर की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर आखिरकार अवैध कब्जे से मुक्त कार्य शुरू हो गया है। ब्लॉक की भूमि पर अवैध कब्जे की खबर प्रकाशित होते हुए स्थानीय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।



नगर के मोहल्ला ताली निवासी रईस उर्फ बल्ले खां द्वारा ब्लॉक की भूमि पर अवैध कब्जा कर दो मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई थी। पूर्व में कई बार शिकायतें होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। पूर्व एडीओ पंचायत शिवराम सिंह ने बताया कि सपा शासनकाल के दौरान कब्जेदार ने कुछ हिस्से को खाली दिखाकर अधिकारियों को गुमराह किया और बाद में दोबारा निर्माण कर लिया। भाजपा सरकार के आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भूमि माफियाओं पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह मामला भी संज्ञान में लिया गया। नगर निवासी नागेंद्र लाम्बा की शिकायत पर उच्चाधिकारियों ने तत्काल जांच के आदेश दिए। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन किया और कब्जा मुक्त कराने के निर्देश जारी किए। प्रशासनिक सख्ती की देखते हुए बाबा के बुलडोजर चलने से पूर्व ही कब्जेदार ने स्वयं ही इमारत का हिस्सा गिराकर भूमि खाली करना शुरू कर दिया। ब्लॉक भूमि पर अवैध कब्जे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने पर स्थानीय प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि इस मामलें खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा और वर्षो से ब्लॉक भूमि की कब्जा करने के मामले में जांच कर कब्जेदार के खिलाफ कार्रवाई की करायी जाएगी।

● ब्लॉक परिसर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली है। मौके पर राजस्व टीम को भेजकर भूमि की पैमाईश कराकर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। कब्जा करने वाले के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। **प्रीति सिंह उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा।**

● ब्लॉक परिसर के निकट बने दो मंजिल इमारत के लिए अधिक भूमि का नक्शा पास होने के लिए नगरपालिका आया था। लेकिन दस्तावेजो में भूमि कम होने पर और निर्माण अधिक होने पर पाया गया। जिसमें अतिरिक्त भूमि को तोड़कर निर्धारित भूमि पर बनी इमारत का नक्शा होने की बात की थी। जबकि तत्कालीन सपा सरकार में इस दो मंजिल इमारत को किस नक्शे से बनाया गया था, इसकी जानकारी नही है। **इरफान सैफी, नगर पालिका अध्यक्ष ठाकुरद्वारा।**

# टिमिट के विद्यार्थियों ने किया वृंदावन का भ्रमण

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा बी.कॉम एवं बी.बी.ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण (एक्सकर्सन टूर) का आयोजन वृंदावन के लिए किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से परे अनुभव प्रदान करना था, साथ ही उन्हें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वृंदावन के प्रसिद्ध स्थलों जैसे बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन मंदिर का भ्रमण किया। उन्होंने वहां की अध्यात्मिकता, भक्ति भावना और संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस यात्रा ने विद्यार्थियों में टीमवर्क, समय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता और सहयोग जैसे प्रायोगिक गुणों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे आयोजनों से छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त होते हैं। वृंदावन जैसी आध्यात्मिक नगरी की यात्रा छात्रों में सकारात्मक सोच, एकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल बनाती है। उन्होंने आगे कहा कि टिमिट सदैव अपने विद्यार्थियों के बौद्धिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए ऐसे रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा।


## कार्यालय नगर पंचायत ढकिया ( मुरादाबाद )।

पत्रांक:-310/न0प0ढकिया/2025-26 दिनांक:-11/10/2025

**-::विज्ञप्ति::-**

नगर पंचायत ढकिया के सीमा के अन्तर्गत स्थित आवासीय एवं अनावासीय भवनों/भू-खण्डों के स्वामित्वों/अध्यासियों को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शासन नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-2024-85ज/05, टी०सी०-01 लखनऊ दिनांक 28 जून, 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका ( भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को अन्तिम रूप से प्रख्यापित कर दिया गया है। उक्त नियमावली को लागू करने के कम में कार्यालय नगर पंचायत ढकिया मुरादाबाद के पत्र संख्या-335/न०पं० ढकिया-2024-25 दिनांक 29.11.2024 के माध्यम से दो समाचार पत्रों दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान में वार्ड वार भवन एवं भूमि पर कर निर्धारण के प्रयोजनार्थ प्रति वर्ग फिट मासिक एवं वार्षिक किराये दरों को नगर पंचायत ढकिया क्षेत्र के जन सामान्य के अवलोकनार्थ एवं आपत्तियों प्राप्त करने हेतु प्रकाशित कराया गया था। निर्धारित समयवधि में कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने के कारण दिनांक-17.01.2025 के द्वारा एवं कार्यालय नगर पंचायत ढकिया के पत्र संख्या-374/न०पं०ढकिया-2024-25 दिनांक 17.01.2025 के माध्यम से दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान में प्रति वर्ग फिट मासिक किराए दरों का अन्तिम प्रकाशन कराया गया था साथ ही नगर पंचायत ढकिया की सीमान्तर्गत समस्त भवन एवं भूमि के भू-स्वामियों अध्यासियों से स्वकर निर्धारण प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ग' में वांछित सूचना अंकित कर 15 दिवस तक कार्यालय नगर पंचायत ढकिया में जमा करने की अपेक्षा की गई थी, किन्तु निर्धारित समयावधि में किसी भवन एवं भू-स्वामी के द्वारा निर्धारण प्रपत्र सूचना प्रेषित नहीं की गई थी, तत्पश्चात् नगर पंचायत ढकिया द्वारा सर्वे कराते हुए अनन्तिम कर निर्धारण सूची तैयार कर ली गयी है नगर पंचायत ढकिया की सीमा अन्तर्गत स्थित भवन स्वामियों / अध्यासियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत ढकिया में कर निर्धारण सूची का अवलोकन करने के पश्चात् अपनी आपत्तियों दिनांक 13. 10.2025 से 27.10.2025 तक कार्यालय नगर पंचायत ढकिया में जमा कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित समय अवधि में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ढकिया द्वारा दिनांक 28.10.2025 से 30.10.2025 तक किया जायेगा। अतः नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद की सीमान्तर्गत स्थित भवन एवं भूखंडों के स्वामियों/अध्यासियों से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। उक्त नियमावली 01 अप्रैल 2025 से अनिवार्यत लागू की जाती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**( मुरादाबाद )।**


# न्याय पंचायत कमालपुरी खालसा की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग



**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में न्याय पंचायत कमालपुरी खालसा की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय कमालपुरी खालसा में किया हुआ।खेल प्रतियोगिता में दौड़,लंबी कूद,ऊंची कूद,गोला और चक्का फेक,कब्बड़ी, खो-खो आदि खेलो का आयोजन किया गया।50 मीटर प्राथमिक स्तर दौड़ में आदित्य गोपीवाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में सुहाना प्राथमिक विद्यालय वोवदवाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में जूनियर स्तर में रिया कालाझाड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और महक जूनियर हाई स्कूल कमालपुरी दूसरे स्थान पर रही।लंबी कूद प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्रिंस ने प्रथम स्थान तथा बालिका वर्ग में सुहाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।लंबी कूद जूनियर स्तर में रिया कालाझाड़ा ने प्रथम स्थान और बालक वर्ग में मयंक पसियापुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेक में नित्य कमालपुरी बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और बालिका वर्ग गोला फेक में रिया जूनियर हाई स्कूल कालाझाड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कबड्डी में जूनियर स्तर बालक वर्ग में पसियापुरा की टीम विजेता रही और जूनियर स्तर बालिका वर्ग में ठाकुरद्वारा की टीम विजय रही। कबड्डी प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग और बालक वर्ग में भी ठाकुरद्वारा की टीम विजेता रही। इस अवसर पर पीयूष कुमार प्रशांत, रमेश सिंह,शमशेर सिंह, विवेक कुमार, राकेश कुमार,बब्बू कुमार, मनोज कुमार, विजयपाल सिंह, धमेंद्र कुमार, अशोक कुमार, आशीष कुमार, मो रफी, विपिन कुमार, रितु कुमारी, विनीता चौधरी, रजनी मिश्रा, कंचन खुल्वै, संगीता कुमारी, नाजिया करीम, यासमीन जहां आदि शिक्षक और शिक्षिकाए उपस्थित रहें।

# विधायक रामवीर ने आशाओं और एएनएम को उत्कृष्ट सेवा के लिए किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** ब्लॉक सभागार मुंडापांडे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशाओं और एएनएम का सम्मान समारोह कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आशाओं और एएनएम को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान सभी आशाओं और एएनएम को मिष्ठान, देसी घी और उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन में आशाओं की भूमिका अहम है। वह स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग के बीच आशाएं एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारी एएनएम बहने गर्मी, बारिश और सर्दी की परवाह न करते हुए विषम परिस्थितियों में भी शिशु टीकाकरण के लिए समय से पहुंचती है जिससे बच्चे स्वस्थ रहें, किसी भी बीमारी से ग्रसित न हो। इस अवसर सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे डॉ नवदीप यादव , पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप दिवाकर,डॉ पंकज, बीपीएम प्रमोद यादव, बीपीएम प्रियंका कश्यप, बीसीपीएम भुवनेश कुमार, बीसीपीएम ऊषा ठाकुर,मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, महेंद्र सैनी, गौरव, रामकिशोर लोधी, अशोक प्रजापति, ऋचा वर्मा ,नादिर, साक्षी शर्मा, मनमीत कौर, सोनी सक्सेना सहित सभी आशा उपस्थित रही।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# भारत ने दिल्ली टेस्ट में कसा शिकंजा

**नई दिल्ली, वार्ता।** कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के बेहतरीन शतक से भारत ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पांच विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटककर वेस्ट इंडीज का पहली पारी में स्कोर चार विकेट पर 140 रन कर दिया। विंडीज अभी भारत के स्कोर से 378 रन पीछे है। एक और दिन भारतीयों के नाम रहा।

वेस्टइंडीज ने अहमदाबाद की तुलना में ज़्यादा धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया, लेकिन फिर भी एकाग्रता में कुछ कमियां देखने को मिलीं, जिसका उन्हें इस सीरीज में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत ने आज 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित करने से पहले ठीक 200 रन और जोड़े - यशस्वी जायसवाल के 175 और शुभमन गिल के 129, रनों की बदौलत टीम ने बड़ा स्कोर बनाया।

जॉन कैंपबेल एक अजीबा. ेगरीब तरीके से आउट हुए, लेकिन तेज नारायण चंद्रपॉल और एलिक ऐथनेज ने धैर्य बनाए रखा और दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की। लेकिन जैसा कि पहले अक्सर होता आया है, एक गलती के कारण चंद्रपॉल आउट हो गए और मेहमान टीम का स्कोर 87/1 से 107/4 हो गया। शाई होप काफी सकारात्मक दिखे और टेविन इमलाक ने आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की। विकेट पर अभी भी रन बने हुए हैं और उन्हें कल अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारत के लिए, सब कुछ धैर्य बनाए रखने, सही क्षेत्रों में गें. दबाज़ी करने और अपरिहार्य गलती का इंतज़ार करने पर निर्भर करता है। भारत के पारी घोषित करने के बाद जब वेस्ट इंडीज ने खेलना शुरू किया तो उसे पहला झटका जल्द ही लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर जडेजा ने जॉन कैंपबेल को आउट कर दिया। कैंपबेल ने 10 रन बनाए और विंडीज का पहला विकेट 21 के स्कोर पर गिरा। तेज नारायण चंद्रपाल और ऐलेक ऐथनेज ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। लेकिन जडेजा ने चंद्रपाल को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोघ। चंद्रपाल ने 67 गेंदों में 34 रन बनाए। कुलद. ीप यादव ने कुछ देर बाद ऐलेक ऐथनेज को पवेलियन की राह दिखा दी। ऐथनेज ने 84 गेंदों पर 41 रन बनाए। जडेजा ने विंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को खाता खोलने का मौका दिए बिना अपनी ही गेंद पर खुद कैच कर लिया। शाई होप ने इसके बाद सावधानी के साथ खेलते हुए नाबाद 31 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। उनके साथ दूसरे छोर पर टेविन इमलाक 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से जडेजा ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप ने 45 रन पर एक विकेट लिया।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# गोविंद नगर इलाके में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, परिवार वालों ने लगाया हत्या का आरोप





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कटघर क्षेत्र गोविंदनगर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब रेलवे ट्रैक पर एक 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान गोविंदनगर निवासी विपिन कश्यप (22) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है।

परिवार का आरोप है कि मकान के ऊपरी हिस्से में रहने वाले किरायेदारों के साथ शुक्रवार सुबह किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान एक किरायेदार ने दूसरे किरायेदार को धमकी दी थी कि शशाम तक तेरे बेटे को मार देंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक विपिन और आरोपी किरायेदार का परिवार एक ही बिल्डिंग में रहते थे। सुबह हुए विवाद के बाद विपिन घर से बाहर निकला था, जिसके कुछ घंटे बाद उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला। सूचना मिलते ही थाना कटघर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। इस संबंध में कटघर थाना प्रभारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। साथ ही घटना में संदिग्ध किरायेदारों से पूछताछ की जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी कटघर ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की और परिजनों से बातचीत की।फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है चाहे मामला आत्महत्या का हो या फिर हत्या कर शव को ट्रैक पर डालने का। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर घटना की सच्चाई सामने आने की उम्मीद है।

# महमूदपुर माफी में नवनिर्मित पुलिस चौकी का भव्य उद्घाटन

## मुरादाबाद एसएसपी और संभल एसपी ने किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर पंचायत महमूदपुर माफी में नवनिर्मित पुलिस चौकी का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया।

लोकार्पण मुरादाबाद की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सतपाल अंतिल एवं संभल जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अधिकारियों, जनप्रति. निधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।उद्घाटन समारोह में मुरादाबाद एसपी ग्रामीण, बिलारी उप जिलाधिकारी, बिलारी क्षेत्राधिकारी, नगर पंचायत महमूदपुर माफी के अध्यक्ष प्रतिनिधि, संभल जिले के एडिशनल एसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने नवनिर्मित पुलिस चौकी का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौकी के निर्माण से अब क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और त्वरित पुलिस सहायता में और अधिक सुधार होगा। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम जनता को सुरक्षा की नई उम्मीद मिली है।

# एसपी ट्रैफिक कार्यालय पहुंचकर की डग्गामार वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र से दिल्ली रूट पर अवैध रूप से संचालित हो रहे डग्गामार वाहनों के खिलाफ स्थानीय लोगों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शनिवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी ट्रैफिक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र सौंपा और दोषियों पर कार्यवाही की गुहार लगाई।दिए गए प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग बिना किसी अनुमति के दर्जनों वाहन चलवा रहे हैं और यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र में जिन लोगों पर आरोप लगाया गया है, उनमें मेराज निवासी डौडोली (जनपद अमरोहा), रवि कुमार निवासी ग्राम मिठनपुर थाना डिडोली (अमरोहा), मो. अली निवासी मुंडा थाना डिडोली (अमरोहा) और आसिम निवासी ग्राम फतेहपुर थाना मैनाठेर (मुरादाबाद) शामिल हैं।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह लोग लगभग 40 से 50 डग्गामार वाहन चलवा रहे हैं, जो पाकबड़ा से दिल्ली के बीच अवैध रूप से यात्रियों को ले जाते हैं। आरोप है कि यह वाहन क्षमता से अधिक सवारियां भरते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। साथ ही, यात्रियों से मनमानी किराया वसूला जा रहा है।स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि इन वाहनों के संचालन के कारण वैध परिवहन सेवाओं को नुकसान पहुंच रहा है और ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमराई हुई है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित थाना पुलिस और यातायात विभाग इन वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, ताकि सड़क हादसों और अवैध वसूली की घटनाओं पर रोक लग सके।एसपी ट्रैफिक कार्यालय ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# छात्रा से कराया गया नवनिर्मित पुलिस चौकी खजरा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के साथ थाना मैनाठेर क्षेत्र अंतर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा लोगों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नव निर्मित पुलिस चौकी 'खजरा' का विधिवत उद्घाटन किया गया।मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की भावना को आगे बढ़ाते हुए ग्राम खजरा निवासी एक छात्रा के द्वारा फीता काटकर इस चौकी का शुभारंभ कराया गया। इस प्रतीकात्मक पहल ने समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और उनकी भागीदारी का संदेश दिया।एसएसपी सतपाल अंतिल ने इस अवसर पर कहा कि नई पुलिस चौकी के संचालन से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क में और सुधार आएगा। उन्होंने चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वह जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनें और हर पीड़ित को त्वरित न्याय उपलब्ध कराएं।इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिलारी सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि चौकी खुलने से अब क्षेत्र में सुरक्षा का और अधिक एहसास होगा तथा आपात स्थिति में पुलिस सहायता तुरंत मिलेगी।

## एक नजर

### खबड़िया भूड़ में चिश्ती मियां के सालाना उर्स मुबारक की तैयारियां शुरू

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव खबड़िया भूड़ में14 अक्टूबर से शुरू होने वाले हजरत सय्यैद चिश्ती मियां रहमतुल्ला अलैह के उर्स की तैयारियां शुरू हो गई हैं, मूंढापांडे के खबड़िया भूड़ में 14 अक्टूबर से शुरू होने वाले हजरत सय्यैद चिश्ती मियां रहमतुल्ला अलैह के 103 वें उर्स की तैयारियां शुरू हो



गई हैं,दरगाह परिसर में आयोजित बैठक में दरगाह कमेटी और उर्स इन्तजामिया कमेटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

उर्स में शहर के प्रसिद्ध कव्वालों को आमंत्रित किया जाएगा, व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभालने के लिए कमेटी का गठन किया गया है, कमेटी के लिए अलग-अलग सदर नियुक्त किए गए हैं, गद्दी नशीन सलामत मियां ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी होने वाले हजरत सय्यैद चिश्ती मियां रहमातुल्ला अलैह के उर्स मुबारक के मेले में पुलिस प्रशासन का पूरी तरह सहयोग रहता है,मेले में बच्चों के लिए खेल खिलौने से लेकर अन्य दुकान लगाई गई हैं।

### चिकित्सा अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**बिलारी।** चिकित्सा अधीक्षक ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं बिलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल सिंह ने शनिवार को हाथीपुर वहाउद्दीन गांव स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सेंटर पर



मिले सीएचओ अनिल सिंह से भी जानकारी ली। उन्होंने सीएचओ, आशा वर्कर,आशा संगनी आदि को निर्देश दिए कि नियमित टीकाकरण और संचारी रोग नियंत्रण अभियान सफल बनाने सहयोग करें और ग्रामीणों के साथ बैठक कर संचारी रोगों के प्रति जागरूक करें।

### सात दिवसीय भागवत कथा का द्वितीय दिवस पर शिव विवाह का अलौकिक वर्णन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** ग्राम ग्वारखेड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास प्रीति शास्त्री जी ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन किया। उन्होंने अपने मधुर वचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान जब सती मोह और शिव विवाह का प्रसंग आया, तो पूरा पंडाल भक्ति भाव से भर उठा। श्रद्धालु भजनों की मधुर धुन पर झूम उठे और "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।इस अवसर पर ग्राम प्रधान खिलेंद्र सिंह मौर्य एवं ग्राम वासियों ने मिलकर द्वितीय दिवस की कथा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ कराई देवकीनंदन, भूपाली, पूर्ण मौर्य, राजपाल, वृद्धाश्रम संचालक रोहन देव सामा. जिक मनीष मौर्य, राजेंद्र मौर्य, ओमप्रकाश मौर्य ग्वारखेड़ा डीलर सीपी मौर्य सोमपाल नेताजी राम अवतार साहू काल महेंद्र सिंह महेंद्र सिंह लाला हरिद्वारी खेमचंद सहित अनेकों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# एसपी सिटी कार्यालय में मिशन शक्ति टीम को व्यापारियों ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से शनिवार को पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के कार्यालय पर मिशन शक्ति टीम का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) ने की। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने थाना मझोला क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने वाली टीम की लीडर उप निरीक्षक पूजा यादव एवं उनकी पूरी महिला पुलिस टीम और क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) ने कहा कि पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद नगर में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे व्यापारी वर्ग सुरक्षित और संतुष्ट महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य से समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।वहीं प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पुलिस के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि "कोई भी व्यक्ति यदि हमारी माताओं-बहनों के साथ गलत हरकत करेगा तो वह पुलिस से बच नहीं पाएगा।इस अवसर पर सम्मानित होने वाली टीम में उप निरीक्षक दीपा मलिक, महिला हेड कांस्टेबल सीमा तोमर, धर्म मित्रा, महिला कांस्टेबल रुक्मिणी, ऋतु और विशाखा शामिल रहीं। साथ ही क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता,गौरव अग्रवाल, राहुल भटनागर, राजेंद्र प्रजापति, अक्षय अग्रवाल, सुमित गुप्ता, आदेश गुप्ता, शिवम गुप्ता और राजेश शर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में लगा स्वास्थ्य कैम्प



**बिलारी।** पीपली गांव स्थित अटल आवासीय विद्यालय में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पहुंची आरबीएसके की टीम में डॉ झरना राजपूत, डॉ पूजा सिंह और विशाल सक्सेना की नेतृत्व में अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने विद्यालय में छात्रों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया तथा छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी भी दी।

## समझौता कराकर 13 परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श/सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग शनिवार को परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी रुकमपाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जहां कुल 145 पत्रावली सुनकर 41 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 13 परिवारों को मिलाया गया तथा 09 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 19 पत्रावली न्यायालय में विच. ाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, विधिक परामर्शदाता काउं. सलर लवमोहन वार्ष्णेय एड0, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी, कांस्टेबल शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

# यंत्र नारी पूज्यते, तंत्र रमन्ते देवता: प्रो. सीमा अवस्थी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने कहा, यत्र नारी पूज्यते, तत्र रमन्ते देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। नारी में अपार शक्ति है, लेकिन बेटियों को उनकी शक्ति का अहसास कराना जरूरी है। हम सब जानते हैं कि नौ दिन हम देवी के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं, वे ब्रहमा, विष्णु और महेश के समन्वय से ही बनीं हैं। इसीलिए शक्ति की तो कोई कमी ही नहीं है। प्रो. अवस्थी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निक्स विभाग की ओर से शक्ति समन्वय- हार्मनी ऑफ पावर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निक्स की एचओडी डॉ. रुचि कांत, डॉ. अर्चना जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दूसरी ओर मिशन शक्ति 5.0 की यूनिवर्सिटी की नोडल अधिकारी डॉ. शिवानी एम. कौल कहती हैं, मिशन शक्ति 5.0 केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मिशन शक्ति की सबसे बड़ी शक्ति इसकी सर्वसमावेशिता है। इसमें छात्र, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी, विधि विशेषज्ञ और समाज के अन्य वर्ग एक लक्ष्य के तहत कार्य कर रहे हैं। बतौर नोडल अधिकारी मेरा विश्वास है, वास्तविक सशक्तिकरण शिक्षा, संवेदनशीलता और समान अवसरों से शुरू होता है। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन कहती हैं, मिशन शक्ति 5.0 में स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति भी सरकार बेहद संजीदा है। यह मिशन व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण जैसे मुद्दों पर अवेयरनेस फैला रहा है। फिजियौथेरेपी विभाग की ओर से वूमेन इंपावरमेंट के लिए फाइट बैक मूवी की स्क्रीनिंग, कल्चरल प्रोग्राम- दुर्गा डिवाइन पॉवर, नुक्कड़ नाटक के जरिए महिलाओं के लिए बनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, हेल्पलाइन का महत्व और साइबर क्राइम के प्रति अवेयरनेस प्रोग्राम हुए। पैरामेडिकल की ओर से शक्ति समन्वय- हार्मनी ऑफ पावर, डेंटल कॉलेज की ओर से डेंटल हेल्थ फॉर वूमेन्स, नर्सिंग कॉलेज की ओर से यूनिवर्सिटी में कामकाजी महिलाओं के अलावा अमरोहा के ग्राम कपासी में छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर अवेयरनेस प्रोग्राम और गुडटच और बैडचट को लेकर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किए गए। इस प्रोग्राम्स के दौरान यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर एवम् कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह, पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ. विनोद जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'मेहंदी प्रतियोगिता' का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देने के उद्देश्य से एक ''मेहंदी प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने सृजनात्मकता के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों की 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए-एलएल.बी, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गैशा वातुम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बी.एससी (पीसीएम), प्रथम सेमेस्टर की छात्रा टीना रानी और एलएल.बी, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पलक ने द्वितीय स्थान तथा बीए, प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खुशी एवं बी. एससी-बीएड, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा गुलफशा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. अग्रवाल ने छात्राओं द्वारा ''मेहंदी प्रतियोगिता'' में किए गए कला और सृजनात्मकता के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. निधि तिवारी, जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. स्मिता ज्योति, वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. अशोक कुमार एवं रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. संजना तिवारी शामिल रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजिका डॉ. तृप्ति पाण्डेय, सह संयोजिका मिस पायल सिंह और आयोजन सचिव ी रुचि चौधरी की विशेष भूमिका रही।

अंत में स्कूल के निदेशक बी. के सिंह ने कहा कि विश्व विद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है, जिससे कि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें और अपने कौशल का विकास कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा का मूल्यां कन कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।



# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा आत्मघाती हमला

## छह आतंकवादी मारे गए, सात जवानों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद से जूझ रहा है। भुखमरी, महंगाई और बेरोजगरी से त्रस्त पड़ोसी देश की आए दिन होने वाले आत्मघाती हमलों ने कमर तोड़ दी है। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर हुए आतंकी हमले के बाद पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन और आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार (11 अक्टूबर) को बताया कि गोलीबारी में छह और पुलिसकर्मी मारे गए।

डेरा इस्माइल खान जिले के रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हुए हमले के बाद पुलिसकर्मियों की जवाबी गोलीबारी में तीन आतंकवादी मारे गए थे, और कुछ अन्य के परिसर के अंदर छिपे होने की बात कही गई थी। शुक्रवार देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर आई थी, जिससे हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इस अभियान में एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रक को पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के मुख्य द्वार से टकरा दिया, जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद वर्दी पहने आतंकवादी परिसर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को घेर लिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादी हथगोले फेंकते रहे। डीपीओ डेरा इस्माइल खान साहिबजादा सज्जाद अहमद और आरपीओ सैयद अशफ़ाक अनवर ने मौके पर अभियान की व्यक्तिगत निगरानी की। पांच घंटे की कड़ी मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादियों को मार गिराया गया। सुरक्षा बलों ने उनके पास से आत्मघाती जैकेट, विस्फोटक, आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। 13 घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। डीपीओ के अनुसार हमले के दौरान प्रशिक्षण स्कूल में लगभग 200 प्रशिक्षु, प्रशिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने पुष्टि की कि इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है और किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए तलाशी और सफाई अभियान जारी है।



■ देर रात एक अभियान के दौरान तीन और आतंकी मारे गए, जबकि छह और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई



इंग्लैंड। मैनचेस्टर में मुक्केबाज रिकी हैटन के अंतिम संस्कार के दौरान मैनचेस्टर कैथेड्रल के बाहर जमा भीड़।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में भारी बारिश से 28 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य और पूर्वी मेक्सिको में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनहोंने बताया कि सबसे ज़्यादा मौतें पूर्वी मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य में (16 मौतें) हुईं और लगभग 1000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मध्य मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में पाँच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हो गए, जबकि वेराक्रूज़ में दो और क्वेरेटारो में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चीन ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** चीन ने कैरिबियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि वेनेजुएला के पास अमेरिकी सैन्य अभियान इसकी प्रमुख वजह है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने की आड़ में वेनेजुएला के कैरिबियन जलक्षेत्र में हाल ही में अमेरिकी सेना की तैनाती की आलोचना की। उन्होंने वेनेजुएला के जहाजों को डुबोने, नाविकों पर गोली चलाने और मछली पकड़ने वाली नौकाओं को ज़ब्त करने जैसी कार्रवाइयों का उल्लेख किया और कहा कि इनसे क्षेत्रीय तनाव बढ़ा है।

### हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र वोलोंगोंग के दक्षिण में शनिवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने एक बयान में बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शेलहार्बर हवाई अढे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के ज़मीन से टकराते ही उसमें आग लग गई।

# ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100% अतिरिक्त टैरिफ

## रेयर खनिज निर्यात पर कंट्रोल से नाराज, कहा: चीन दुनिया को बंधक बनाने की कोशिश में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में निर्मित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह आयात शुल्क चीन की निर्यात नीति के जवाब में लगाया गया है, जिसमें वह दुर्लभ खनिजों पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रहा है, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा उद्योगों के लिए बहुत अहम हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी आगामी बैठक के बारे में कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। ट्रम्प की जिनपिंग के साथ दक्षिण कोरिया में अगले एक पखवाड़े में बैठक निर्धारित है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर आयात शुल्क बढ़ोतरी का खुलासा करते हुए कहा कि नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे।

इसके अलावा ट्रम्प ने घोषणा की कि उनका प्रशासन दुर्लभ खनिज निर्यात पर चीन की कड़ी पकड़ के जवाब में किसी भी और सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विश्वास करना बहुत कठिन है कि चीन ने ऐसी कार्रवाई की होगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया और बाकी सब इतिहास है। उन्होंने चीन द्वारा अचानक दुर्लभ खनिज निर्यात नियंत्रण पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा इसे अचानक उठाया गया कदम करार दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। मैं वहां ज़रूर जाउंगा। लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया। अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आये और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था। ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाए जाएंगे। एक नवम्बर से लागू होने वाले ये शुल्क चीन की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रभावी होंगे, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध और खराब हो जाएंगे। शेयर बाजारों ने इस खबर पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, नैस्डैक में 3.6 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन ने इस हफ्ते नए प्रतिबंध लागू किए हैं जिनके अंतर्गत विदेशी संस्थाओं को चीन से प्राप्त या चीन में प्रसंस्कृत 0.1 प्रतिशत से जयादा दुर्लभ खनिजों वाले किसी भी उत्पाद के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है।

चीन वर्तमान में दुनिया भर में दुर्लभ खनिजों की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति को नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफ़ोन से लेकर सैन्य उपकरणों तक की तकनीकों के लिए ज़रूरी हैं। वर्तमान में चीन की वस्तुओं पर 30 प्रतिशत अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है, जिसे ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू किया था, जिसमें उन्होंने चीन पर फेंटेनाइल व्यापार को बढ़ावा देने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। इस हफ्ते की शुरुआत में, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि दुर्लभ खनिज निर्यात के संबंध में चीन की बेहद शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के बाद जिनपिंग से मुलाक़ात करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ उत्तर देने की तैयारी कर रहा है। उनसे जब पूछा गया कि अगर चीन अपने प्रतिबंध हटा लेता है, तो क्या अमेरिका अतिरिक्त शुल्क हटा लेगा, तो ट्रम्प ने जवाब दिया कि हमें देखना होगा कि क्या होता है और इसीलिए इसके लागू करने की तारीख एक नवम्बर रखी गई है। ट्रम्प ने निर्यात पर और अधिक नियंत्रण लगाने का भी संकेत दिया तथा कहा कि विमान के पुर्जे भी अमेरिका के निशाने पर हो सकते हैं।



■ नए शुल्क एक नवम्बर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे
■ मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है, मैं वहां ज़रूर जाउंगा, लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया: ट्रम्प

### ट्रम्प को शांति पुरस्कार न देने पर नोबेल समिति की आलोचना

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेजुएला के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अपना सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए 'शांति पर राजनीति' को तरजीह देने का आरोप लगाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को समिति ने घोषणा की कि मारिया कोरिना मचाडो को 'वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य' के लिए शांति पुरस्कार दिया जाएगा। ट्रंप इस पुरस्कार की अपनी इच्छा के बारे में मुखर रहे हैं और कई वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने का श्रेय लेते रहे हैं। उन्होंने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान भी, नियमित रूप से इस मुद्दे को उठाया। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बीबीसी के अमेरिकी मीडिया पार्टनर सीबीएस को बताया कि उन्होंने सुमचाडो को बधाई देने के लिए फोन किया और कहा कि वह इस पुरस्कार की हकदार हैं। शुक्रवार सुबह घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति पर राजनीति को तरजीह देते हैं। चेउंग ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और जानें बचाते रहेंगे।

# गाजा के कुछ हिस्सों से इजरायली सेना पीछे हटी

■ सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है
■ युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है

**दुबई।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद इजरायल ने सैनिकों को गाजा के कुछ हिस्सों से आंशिक रूप से वापस बुला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की सेना ने कहा कि वे समझौते के तहत शुक्रवार को वापस लौट आए हैं, हालांकि सेना अभी भी पट्टी के आधे हिस्से पर कब्जा जमाए हुए है। यह युद्धविराम गुरुवार को इजराइल की सरकार द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्धविराम और बंधक वापसी समझौते के पहले चरण को मंजूरी देने के बाद लागू हुआ।

युद्ध विराम के अगले चरणों पर अभी बातचीत चल रही है। समझौते के तहत हमास सोमवार को स्थानीय समयानुसार 12:00 बजे तक सभी इजरायल के बंधकों को छोड़ेगा, जिसमें 20 जिंदा समेत 28 बंधक शामिल हैं। इजरायल भी उम्रकैद की सजा काट रहे करीब 250 फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। इजरायल सेना रेडियो ने कहा कि पश्चिम बैंक से 100 और पांच पूर्वी यरुशलम से छोड़े जाएंगे। साथ ही और भी कैदियों को भेजने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हिरासत में लिए गए गाजा के 1700 फलस्तीनियों को भी रिहा किया जाएगा। समझौत की शर्तों के तहत चिकित्स एवं राहत सहायता ट्रकों को भी गाजा की जनता तक अत्यंत आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए पट्टी में अप्रतिबंधित रूप से प्रवेश की अनुमति मिलेगी जिनमें से कई लोग दो वर्ष के युद्ध के दौरान बार-बार विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित विशेषज्ञों ने अगस्त में पहली बार इस क्षेत्र के एक हिस्से में अकाल की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि 500000 से अधिक लोग 'भुखमरी, गरीबी और मृत्यु' जैसी 'विनाशकारी' परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, हालांकि इजराइल ने बार-बार इस बात से इनकार किया है कि उसके क्षेत्र में भुखमरी है। इस बीच गाजा में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैनिक गाजा शहर के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके से पूर्व की ओर वापस चले गए हैं। दक्षिणी इलाके में कुछ इज़रायली सैनिकों के खान यूनिस क्षेत्र से भी पीछे हटने की रिपोर्टें है।

# पुतिन गाजा युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गाजा में युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इस शांति समझौते को व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला है, जिसमें इस क्षेत्र से सीधे तौर पर जुड़े देशों के साथ-साथ ईरान और रूस जैसी वैश्विक शक्तियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा जयादातर देशों ने इन सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया है। हर देश इसमें शामिल है। ईरान भी इसमें शामिल हुआ-मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई। मुझे गर्व है कि ईरान ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा रूस भी इसमें शामिल हुआ। राष्ट्रपति पुतिन। इसका पूरा समर्थन करते हैं। इसलिए मुझे यह देखकर खुशी हुई कि जिन देशों ने इस प्रक्रिया में ज़रूरी तौर पर शामिल नहीं थे, उन्होंने भी इसका समर्थन किया। पुतिन ने कहा कि गाजा पट्टी के लिए शांति योजना पर ट्रंप की पहल को अरब जगत में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि रूस ने गाजा पर ट्रंप की पहल का लगभग तुरंत समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि एक स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना इस कठिन समस्या से जुड़े सभी मुद्दों के दीर्घकालिक स्थिरीकरण और समाधान के लिए मुख्य शर्त है।

# जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करती है: हरिवंश

**बारबाडोस।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो सभी को प्रभावित करता है। हरिवंश ने आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के दौरान 'द कॉमनवेल्थ -ए ग्लोबल पार्टनर' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो हम सभी को प्रभावित करता है। ऐसे दौर में ग्रीन ग्रोथ हमारा साझा भविष्य है। इसके लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें ग्लोबल साउथ में अपने मित्रों के साथ भी खड़े रहना चाहिए।

# नॉर्थ गाजा लौट रहे हजारों फलस्तीनी

## स्कूल-अस्पताल व घर मलबे में तब्दील हुए, सीजफायर की निगरानी के लिए 200 सैनिक भेजेंगे ट्रम्प

**गाजा।** गाजा में शुक्रवार को सीजफायर लागू होने के बाद फलस्तीनी वापस अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। हजारों लोग दक्षिणी गाजा से पैदल ही गाजा सिटी की तरफ जा रहे हैं। दो साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजरायल से युद्ध के चलते नार्थ गाजा को लोगों ने खाली कर दिया था।

नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है। यहां न बिजली है, न पानी और न ही कोई बुनियादी ढांचा (स्कूल, अस्पताल) बचा है। फिर भी, कई लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। अपने घर लौटे एक व्यक्ति ने मीडिया से कहा कि मेरे घर का सिर्फ निशान मिला है, पूरा मोहल्ला मलबे में दफन है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की मध्यस्थता से यह युद्धविराम हुआ, जिसके तहत हमास 72 घंटे के भीतर जीवित इजरायल बंधकों को छोड़ेगा। इसके बदले इजरायल 250 फलस्तीनी कैदियों और 1700 हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करेगा। इजरायल ने 53 प्रतिशत इलाके से सेना हटाने की घोषणा की है और अब 600 राहत ट्रक रोजाना गाजा पहुंचेंगे। वहीं, गाजा में 200 अमेरिकी सैनिकों की भी तैनाती की जाएगी। गाजा में युद्धविराम के बाद अमेरिका ने सैनिकों की सीमित तैनाती की घोषणा की है।



■ नार्थ गाजा का सबसे बड़ा शहर गाजा सिटी अब खंडहर में बदल चुका है

### ट्रम्प करेंगे मिस्र, इजरायल का दौरा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करेंगे जहां वह गाजा युद्ध विराम समझौते के बाद क्षेत्रीय शांति निर्माता के रूप में अपनी कथित भूमिका को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प सोमवार सुबह इजरायल पहुंचेंगे जहां उनके नेसेट को संबोधित करने और उसी दिन वहां से रवाना होने की उम्मीद है। उनकी यह यात्रा युद्धविराम समझौते के अंतर्गत हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की समय सीमा के साथ मेल खाती है। ट्रम्प का मुक्त किए गए बंधकों से मिलने की भी संभावना है। राष्ट्रपति ट्रम्प की यह यात्रा नोबेल शांति पुरस्कार समिति द्वारा पुरस्कार के लिए ट्रम्प के सार्वजनिक अभियान को नजरअंदाज करने के कुछ ही दिनों बाद हो रही है।

# मैक्रों ने किया लेकोर्नु को फिर पीएम नियुक्त

## चार दिन पहले ही सेबेस्टियन लेकोर्नु ने पद से इस्तीफा दिया था

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चार दिन पहले ही लेकोर्नू ने पद से इस्तीफा दिया था। इससे देश में एक सप्ताह तक भारी राजनीतिक उथल-पुथल रही।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने शुक्रवार देर रात यह घोषणा की। उन्होंने एलिसी पैलेस में सभी मुख्य दलों के साथ बैठक की, जिसमें धुर दक्षिणपंथी एवं धुर वामपंथी नेताओं को छोड़कर अन्य सभी शामिल थे। लेकोर्नु की वापसी आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने दो दिन पहले ही राष्ट्रीय टीवी पर कहा था कि वह पद के पीछे नहीं भाग रहे थे और उनका मिशन पूरा हो चुका है। यह निश्चित नहीं है कि वह सरकार बना पायेंगे या नहीं, लेकिन उन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करना होगा। नए प्रधानमंत्री के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है। एलिसी पैलेस ने कहा कि राष्ट्रपति ने लेकोर्नु को सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है और मैक्रों की पार्टी ने संकेत दिया है कि उन्हें कार्य करने की पूरी छूट प्रदान की गई है। लेकोर्नु मैक्रों के सबसे वफादार सहयोगियों में से एक हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए मिशन को मैंने कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है, ताकि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट प्रदान किया जा सके और हमारे देशवासियों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस सप्ताह फ्रांसीसी टीवी पर लेकोर्नु ने स्वयं को 'सैनिक-भिक्षु' कहा था और सरकार बनाने की तैयारी करते हुए उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं इस मिशन में सफल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। फ्रांस के राष्ट्रीय ऋण में कमी लाने तथा बजट घाटे में कटौती करने के तरीकों पर राजनीतिक मतभेद होने के कारण पिछले वर्ष तीन में से दो प्रधानमंत्रियों को पद त्यागना पड़ा था, इसलिए लेकोर्नु के सामने चुनौती बहुत बड़ी है।

■ नए पीएम के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है

# ई3 देश गाजा के पुनर्निर्माण में योगदान देने को तैयार

**मास्को।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने अभी हाल ही में इजराइल और फलस्तीन के हमास के बीच घोषित युद्धविराम योजना के अनुरूप गाजा के पुनर्निर्माण और संक्रमणकाल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि ई3 गाजा में इजरायल द्वारा बस्ती बसाए जाने का विरोध करती है। ई3 देशों की भागीदारी एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा होगी जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, अरब देश और संयुक्त राष्ट्र शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन और अन्य मध्यस्थों ने इस सप्ताह इजराइल और हमास के बीच एक युद्धविराम समझौता करवाया है जिससे संभवत: दो साल पहले शुरू हुए उस युद्ध का अंत हो सकता है।

# भारत लोकतंत्र और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण: बिरला

**बारबाडोस।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण है और संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा है।

बिरला ने 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में 'राष्ट्रमंडल- एक वैश्विक भागीदार' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूंढे जा सकते। उन्होंने खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए दुनिया के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कभी खाद्यान्न के लिए बाहरी सहायता पर निर्भर था और ऐसे चुनौतीपूर्ण समय से लेकर विश्व शक्ति के रूप में सुस्थापित होने का सफ़र प्रभावशाली रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत ने 150 से जयादा देशों को दवाइयां और टीके पहुंचाकर यह सिद्ध किया कि स्वास्थ्य अधिकार है, विशेषाधिकार नहीं।



■ संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शक दीपस्तंभ रहा





# दीपिका की हिजाब कंट्रोवर्सी के बीच अबू धाबी पहुंची सोनाक्षी सिन्हा

**अबू धाबी।** दीपिका पादुकोण के बाद सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अबू धाबी पहुंचे हैं। दोनों ने अबू धाबी की शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का दौरा किया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इसकी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि यह जोड़ा मस्जिद में टहल रहा है। सोनाक्षी के मुताबिक उन्हें यहां सुकून मिला है। उनकी इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।

एक यूजर ने लिखा जूतों के साथ मस्जिद में जाना बहुत गुनाह है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है जहीर भाई एहतराम अल्लाह को पसंद है। मस्जिद के लिए थोड़ी इज्जत रखिए। आप इतने बड़े नहीं हैं कि मस्जिद में जूते उतार कर न जाएं। यहां सोनाक्षी की गलती नहीं है। कई यूजर्स ने सोनाक्षी का सपोर्ट किया है। एक यूजर ने लिखा आपकी ड्रेस फ्लोर से मैच कर रही है। एक और यूजर ने लिखा तो सोनाक्षी के लिए ये आम बात है। दीपिका के लिए नहीं? दोनों एक ही मस्जिद में गईं और दोनों अपने-अपने पतियों के साथ खूबसूरत लग रही थीं। क्या हम लोगों को ट्रोल करना बंद कर सकते हैं और उन्हें शांति से जीने दे सकते हैं, इससे पहले दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी की एक मस्जिद में एक विज्ञापन शूट कराया था। उन्होंने अबू धाबी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया था। इस दौरान उन्होंने अबाया और हिजाब पहना था। इस पर उन्हें कई यूजर्स ने ट्रोल किया था। आपको बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने पिछले साल जून में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई के एक आलीशान रेस्टोरेंट में एक पार्टी रखी थी। इसमें कई बालीवुड हस्तियां शामिल हुई थीं।

## विजय के बाद अब रश्मिका के हाथ में दिखी रिंग

**मुंबई।** साउथ और बॉलीवुड की चर्चित जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच अब उनके सगाई की खबर आग की तह फैल गई।

हैदराबाद में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में 3 अक्टूबर को हुई इस सगाई की झलक तो अब तक फैंस को देखने को नहीं मिली है, लेकिन अब विजय के बाद रश्मिका के हाथों की अंगूठी ने भी सभी का ध्यान खींच लिया है। रश्मिका ने हाल ही में अपने पेट डाग आरा के साथ एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया। वीडियो तो मजेदार था, लेकिन फैंस की नजर सबसे पहले पड़ी उनके हाथ में चमकती डायमंड रिंग पर। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, कमेंट सेक्शन में बधाइयों की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा, ओएमजी। वो रिंग तो लाजवाब है। तो किसी ने कहा, फाइनली हमने रिंग देख ही ली। वीडियो के जरिए भले ही रश्मिका ने सीधे कुछ न कहा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और उस रिंग ने सबकुछ बयान कर दिया।

## पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर बोली करीना कपूर



**मुंबई।** करीना कपूर हाल ही में अपनी ननद और एक्ट्रेस सोहा अली खान के पाडकास्ट का हिस्सा बनीं। इस दौरान उन्होंने पेरेंटिंग के कई पहलुओं पर खुलकर बात की। करीना ने बड़े बेटे तैमूर से जुड़ी जानकारी भी शेयर की। एक्ट्रेस ने बताया कि तैमूर को एक्टर से ज्यादा क्रिकेटर पसंद हैं। तैमूर विराट कोहली और रोहित शर्मा का बड़ा ैन है। करीना ने पाडकास्ट में कहा कि तैमूर अभी चीजों को एक्सप्लोर कर रहा है, लेकिन उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे एक्टिंग में मजा नहीं आता है। उन्होंने कहा, टिम को ड्रामा या एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। जब उसे स्कूल में एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज चुननी होती, तो मैं लिस्ट पढ़कर और उससे पूछती हूं कि क्या तुम इस साल ड्रामा करना चाहते हो? वो नहीं कहता है। मैं जब वजह पूछती तो वो कहता, नहीं, मुझे इसमें मजा नहीं आता।






## रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह, बॉबी देओल और लीला की आने वाली फिल्म काफी चर्चा में है। सेट से झलकियां और लीक हुई तस्वीरें सामने आने के बाद से ही यह प्रोजेक्ट सुर्खियों में है। ऐसे में जब इस तिकड़ी को साथ में शूटिंग करते देखा गया, उसके बाद फैन्स के बीच इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई यह जानने के लिए कि आखिर यह टीम किस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। टीम ने हाल ही में आखिरी शेड्यूल खत्म किया है, जिससे इस साल के सबसे बड़े और रोमांचक प्रोजेक्ट्स में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, शूटिंग आराम से पूरी हो गई है और मेकर्स जल्द ही कुछ बड़ा करने की सोच रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी खबर अगले हफ्ते आ सकती है।

## फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज

**मुंबई।** सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी फिल्म जटाधारा का नया गाना पल्लो लटके रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत बहुप्रतीक्षित फिल्म जटाधारा, के विजुअली शानदार टीजर और धना पिशाची गीत के बाद, मेकर्स ने अब फिल्म का सबसे जबर्दस्त डांस नंबर पल्लो लटके, पेश किया है,जो अपने हाई-एनर्जी बीट्स और जोशीले मूव्स के साथ हर डांस फ्लोर को जगमगाने के लिए तैयार है। पल्लो लटके गीत में जहां सुधीर बाबू अपने स्टाइलिश लुक और दमदार स्क्रीन प्रेजेन्स से दिल जीत ले रहे हैं, वहीं श्रेया शर्मा अपनी ग्रेस और एनर्जी से हर फ्रेम में चार चांद लगा रही हैं।